# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




**निगम क्षेत्र में 117 तालाब, अमृत सरोवर के नाम पर केवल 5 तालाबों पर ही करोड़ों खर्च, बाकी तालाब सूखे**

*जिले के ज्यादातर तालाब अतिक्रमण के चपेट में हैं। कई तालाब पाटकर समतल कर दिए गए हैं, तो कुछ में अवैध कब्जा कर मकान और दुकानें बना ली गई हैं। शहर के मुख्य मार्गों के तालाबों पर भू-माफिया की नजर पड़ गई है। ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर जिला मुख्यालय में बेशकीमती तालाबों को अब धीरे-धीरे मलबा डालकर पाटा जा रहा है।*

### अशोक नगर तालाब के आधे हिस्से में फेंसिंग

अशोक नगर अटल आवास के पास शिशु मंदिर के सामने दशकों पुराना तालाब है। मेन रोड पर तालाब होने के कारण अब इस पर भू-माफिया की नजर पड़ गई है। शेष पेज 4 पर

### उसलापुर सरकारी तालाब पर दर्जनों दुकान

उसलापुर ओवरब्रिज के उस पार मुख्य मार्ग पर एक सरकारी तालाब है। जब उसलापुर ग्रामीण क्षेत्र था, तो इस तालाब में पानी भरा रहता था, लेकिन कॉलोनियों के बसने के साथ ही शेष पेज 4 पर

# तालाबों को पाटकर कहीं बना ली दुकान, तो कहीं कर लिया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हरिभूमि लाइव दूसरी किस्त

वर्ष 2018 में निगम परिसीमन के बाद शहरी क्षेत्र में आसपास के 18 गांव और जुड़ गए। ऐसे में निगम के रिकार्ड अनुसार इन 70 वार्डों में 117 तालाब दर्ज हैं, लेकिन सरोवर धरोहर के नाम पर केवल 5 बड़े तालाबों पर ही करोड़ों रुपए खर्च किए शेष पेज 4 पर





### बेजा कब्जा हटाने की तैयारी

*शहर के जितने भी तालाब में बेजा कब्जा है, उसे हटाने की तैयारी चल रही है। स्मार्ट सिटी के तहत जतिया,बंधवापारा, माधो और बछेरा तालाब में काम कराया गया है। इसके साथ ही शहर के अन्य तालाबों की सफाई कराकर इसे स्वच्छ निस्तारी योग्य बनाया जा रहा है। एनजीटी द्वारा जारी की गई सूची में जिन तालाबों के नाम हैं, उनका सीमांकन कराया जा रहा है, राजस्व विभाग से जानकारी मिलने के बाद कब्जा हटाया जाएगा।*

*- अमित कुमार, आयुक्त नगर निगम, बिलासपुर*

### एनजीटी के अनुसार बिलासपुर के इन तालाबों पर कब्जा

- चांदमारी तालाब तालापारा
- बछेरा तालाब
- श्मशान घाट के पास डबरी
- डिपूपारा छोटा तालाब
- करबला तालाब
- पैठू तालाब
- भाठापारा गौठान तालाब
- नाग-नागिन तालाब
- बधैनिन तालाब बहतराई
- पुराना तालाब अटल आवास
- पुराना तालाब छात्रावास के सामने
- मरघट तालाब
- सलही तालाब
- खंती तालाब सूर्यवंशी मोहल्ला
- पिलउ तालाब भटनागर तालाब
- गोदाम तालाब
- अरपा नदी











## लगातार ढाई दिनों तक चला वर्षा का दौर, दोपहर बाद मिली राहत

# बांधों की बुझी प्यास, सिस्टम ने कमजोर होने से पहले 10 जिलों को जमकर भिगोया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बंगाल की खाड़ी में बना सिस्टम समय के साथ अपना रूप बदलता रहा और राज्य में बारिश की स्थिति बनी रही। सोमवार के सावन के साथ राज्य में झड़ी की शुरुआत हुई, जो बुधवार को दोपहर बाद ही थमी। संकट मोचन साबित होने वाले इस सिस्टम के पहले राज्य में कुल 20 जिले कम वर्षा के दायरे में शामिल थे। इस दौरान प्रदेश में कुल 309 मिमी. बारिश हुई थी और बांधों में सूखे जैसी स्थिति बनी हुई थी और लोगों को चिंता सताने लगी थी। शेष पेज 4 पर

- पिछले चौबीस घंटे में राज्य में चार सेमी. बारिश, सर्वाधिक भैरमगढ़ में

*रायपुर समेत दस जिलों को कम वर्षा के संकट से उबारकर बंगाल की खाड़ी में बना सिस्टम अब कमजोर हो गया है। इसके प्रभाव से छह दिन पहले राज्य में नजर आने वाली 26 फीसदी की कमी अब सामान्य स्थिति में पहुंच गई है। लगातार हो रही बारिश के प्रभाव से राज्य के बड़े बांधों में 44 फीसदी और मध्यम श्रेणी के डेम में 46 प्रतिशत तक पानी आ चुका है।*



### कहां कितनी बारिश

पिछले चौबीस घंटे में भैरमगढ़ में सर्वाधिक 15 सेमी. वर्षा दर्ज की गई। कसड़ोल में 13 सेमी., कुसमी में 12, पिथौरा, महासमुंद में 10 तथा बागबहरा सहित अन्य इलाकों में 9 सेमी. तक बारिश हुई।

### मध्यम प्रभाव

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार अगले चौबीस घंटे में राज्य के अधिकतर स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। एक दो स्थानों पर भारी वर्षा जैसी स्थिति रह सकती है।

### प्रमुख बांधों की स्थिति

- गंगरेल बांध- 32.15 टीएमसी की क्षमता अब तक 41 फीसदी तक पानी भर चुका
- माडमसिल्ली बांध- 5.839 टीएमसी की क्षमता अब तक करीब 51 प्रतिशत भराव
- दुधावा बांध- 10192 टीएमएस की क्षमता अब तक लगभग 42 फीसदी जलभराव
- सोंदूर बांध- 6.995 टीएमएस जलभराव की क्षमता अब तक 46 प्रतिशत भराव

### दीपका खदान के एमटीके में पानी

लगातार हो रही बारिश का असर अब कोयला खदानों में भी देखने को मिल रहा है। एसईसीएल की दीपका खदान के एमटीके जहां कोल कर्मियों की हाजरी लगती है, वहां पानी भर गया है। खदान के निचली स्तर में कार्यालय होने की वजह से खदान में घुसा पानी कार्यालय में जमा हो गया। इसके अलावा खदान में भी पानी जमाव की वजह से कोयला उत्खनन और ओबी बर्डन कार्य प्रभावित हो गया।

# नक्सल क्षेत्रों के कर्मचारियों को ट्रांसफर के लिए नहीं काटना पड़ेगा नेता-मंत्री का चक्कर

**सीधे घर पहुंचेगा आदेश**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नक्सल इलाकों में तैनात कर्मचारियों को विष्णुदेव साय सरकार ने बड़ी राहत देने की तैयारी की है। बुधवार को विधानसभा में गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा, नक्सल प्रभावित इलाकों में काम कर रहे पुलिस कर्मियों के लिए नीति बनाई जा रही है। नीति आने के बाद किसी भी कर्मचारी को स्थानांतरण के लिए नेता-मंत्रियों शेष पेज 4 पर

- राज्य सरकार बना रही कार्ययोजना, इसमें पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी

### आवास तैयार करने करना होगा काम

गृहमंत्री ने बताया कि पूलिस विभाग में 66 हजार बल कार्यरत हैं, उनके लिए 18,355 आवास उपलब्ध हैं। 898 आवास निर्माण किए जा रहे हैं। पुलिस कर्मियों के लिए आवास की कमी को उन्होंने स्वीकार किया। उन्होंने कहा, 2024-25 के मुख्य बजट में आवास के लिए राशि प्रावधानित है। पिछले 5 सालों में आवास को लेकर काम नहीं किया गया। इसीलिए हमको ज्यादा काम करना पड़ेगा।

## खबर संक्षेप

### असममें जापानी बुखार से तीन की मौत



**मोरीगांव।** असम के मोरीगांव जिले में जापानी बुखार के कारण तीन लोगों की मौत हो गई। 11 रोगियों का इलाज किया जा रहा है और उनकी हालत स्थिर बताई जाती है। गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में राजमणि मेधी की मौत हो गई जिसके पिछले सप्ताह संबंधित बीमारी से पीड़ित होने का पता चला था। दो अन्य मृतकों की पहचान गगलमाड़ी की निवासी इमराना बेगम और शिमुलुगुड़ी निवासी भाभाकांत नाथ के रूप में हुई है।

### दो तस्कर गिरफ्तार, एक करोड़ की हेरोइन बरामद



**बहराइच।** बहराइच जिले में सशस्त्र सीमा बल और पुलिस की संयुक्त टीम ने मादक पदार्थों के दो तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से करीब एक करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन बरामद की। देर रात बहराइच जिले के रूपईडीहा थाना क्षेत्र स्थित नेपालगंज रोड रेलवे स्टेशन के निकट दो लोग रेलवे ट्रैक की ओर जा रहे थे तभी संयुक्त गश्ती दल ने उन्हें रोका। शक के आधार पर दोनों की तलाशी ली गयी।




# कांग्रेस का विस कूच, बारिश में बरसे नेता पायलट बोले-कांग्रेस अब भी ताकतवर

## कानून व्यवस्था में सरकार फेल, कहा-लड़ाई जारी रहेगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिगड़ती कानून व्यवस्था और सरकार पर असफलता का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने बुधवार को बड़ा प्रदर्शन किया। पीसीसी चीफ दीपक बैज के नेतृत्व में तमाम बड़े नेताओं ने भीड़ के साथ घेराव के लिए विधानसभा कूच किया। पुलिस ने उनको रोकने पूरी ताकत झोंक दी थी। उससे पहले मंडी गेट पर हुई सभा में नेता जमकर गरजे।

सभा को संबोधित करते हुये एआईसीसी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट ने कहा, लोकतंत्र में सबसे बड़ी ताकत जनता और उनकी संख्या बल होती है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस जीवित है, ताकतवर है और जवाबदेही तय शेष पेज 4 पर

### पुलिस भाजपा मंत्रियों के स्वागत में खड़ी-महंत



नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, लोगों के हित में यह सरकार काम नहीं कर रही है। 1 साल भी नहीं होने दिया और हम लोगों को मजबूर कर दिया, आम जनता को मजबूर कर शेष पेज 4 पर






## केंद्र सरकार ने राज्यसभा में दी जानकारी

# अग्निवीरों को बीएसएफ-सीएपीएफ में 10 फीसदी आरक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पूर्व अग्निवीरों के लिए केंद्र सरकार लगातार ऐलान कर रही है। गृह मंत्रालय ने पूर्व अग्निवीरों को बीएसएफ, सीआईएसएफ, एसएसबी, सीआरपीएफ और आरपीएफ में 10 प्रतिशत आरक्षण देने का बड़ा ऐलान किया है। इसके साथ ही उम्र में भी छूट दी जाएगी। सीएपीएफ और असम राइफल्स में कांस्टेबल और राइफलमैन के पद पर भर्ती में पूर्व अग्निवीरों के लिए 10 आरक्षण होगा। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा में कहा कि पूर्व अग्निवीरों के लिए सीएपीएफ और असम राइफल्स की भर्ती में ऊपरी आयु सीमा में छूट और शारीरिक दक्षता परीक्षा से छूट का प्रावधान किया गया है।



### फिजिकल और उम्र में भी छूट

सीआईएसएफ और बीएसएफ में पूर्व अग्निवीरों को उम्र में भी छूट मिलेगी। सीआईएसएफ ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है और जल्द ही भर्तियों के लिए ये नियम लागू होने वाला है। फिजिकल और उम्र में भी छूट दी जाएगी। पहले साल उम्र में 5 साल की छूट मिलेगी और अगले साल में तीन साल की छूट होगी।

### 64,091 खाली पदों को किया नोटिफाई

गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने सीएपीएफ और असम राइफल्स में खाली पड़े पदों को लेकर भी जानकारी दी। उन्होंने बताया, सीएपीएफ और असम राइफल्स में 1 जुलाई, 2024 तक खाली पदों की संख्या 84,106 है। दोनों में 10,45,751 पदों की कुल स्वीकृती होती है। उन्होंने बताया, अप्रैल, 2023 से फरवरी, 2024 के बीच 67,345 लोगों की भर्ती की गई है। इसके अलावा, 64,091 खाली पदों को नोटिफाई किया गया है और ये पद भर्ती के विभिन्न चरणों में हैं। ये साफ हो जाता है कि बलों के आकार की तुलना में खाली पदों की संख्या की वजह से ओवरटाइम का सवाल ही नहीं उठता है।

### अग्निवीर योजना

अग्निवीर योजना में साढ़े 17 साल से 21 साल की उम्र के युवाओं को चार साल के लिए भर्ती करने का प्रावधान है और उनमें से 25 प्रतिशत को 15 और वर्षों तक सेवा में बनाए रखने का प्रावधान है। सीआईएसएफ, बीएसएफ और सीआरपीएफ के प्रमुखों ने पिछले गुरुवार को कहा था कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के एक फैसले के अनुरूप पूर्व अग्निवीरों के लिए उनके बलों में सैनिकों के 10 प्रतिशत पद आरक्षित किए जाएंगे।

## जानिए वित मंत्री ने बजट में किस राज्य पर बरसाई कितनी रकम

*मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले बजट में आंध्र प्रदेश और बिहार का खास ख्याल रखा गया है। आंध्र प्रदेश को 15 हजार करोड़ तो बिहार को 60 हजार करोड़ की सौगात मिली है। विपक्ष ने केंद्र सरकार पर दूसरे राज्यों के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया है। दूसरी ओर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का कहना है कि बजट में किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया गया है। बजट भाषण में राज्यों का जिक्र नहीं करने के आरोपों पर निर्मला सीतारमण ने कहा कि अगर किसी राज्य का नाम बजट भाषण में नहीं लिया गया है तो इसका मतलब ये नहीं है कि उसे कवर नहीं किया गया। ऐसे में जानते हैं कि बिहार और आंध्र प्रदेश के साथ-साथ बाकी राज्यों के लिए बजट में क्या प्रावधान किया गया है*

# पूर्वी क्षेत्र के विकास लिए नई योजना लाई गई है पूर्वोदय

### इस योजना में बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश को किया गया है शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

2024-25 के बजट में बिहार को लगभग 59 हजार करोड़ रुपये का ऐलान किया गया है। 26 हजार करोड़ रुपये की लागत से पटना-पूर्णिया एक्सप्रेसवे और बक्सर-भागलपुर एक्सप्रेसवे बनेगा। इसी में से बोधगया, राजगीर, वैशाली और दरभंगा के रोड प्रोजेक्ट्स भी पूरे होंगे। इसी तरह, बजट में आंध्र प्रदेश के लिए 15 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान है। आंध्र को ये रकम नई राजधानी (अमरावती) तैयार करने के लिए दी जाएगी। सीतारमण ने बजट पेश करते हुए बताया था कि विशाखापट्टनम-चेन्नई इकोनॉमिक कॉरिडोर में कोप्पाथी क्षेत्र और हैदराबाद-बेंगलुरू इकोनॉमिक कॉरिडोर में ओरवाकल क्षेत्र में पानी, बिजली, रेलवे और सड़कों के लिए फंड उपलब्ध करवाया जाएगा। रायलसीमा, प्रकाशम और उत्तर तटीय आंध्र के पिछड़े इलाकों के लिए भी ग्रांट दी जाएगी।




**बाढ़ संबंधी प्रोजेक्ट में मदद**

बाकी राज्यों के लिए कोई खास ऐलान नहीं किया गया है। वित्त मंत्री ने बताया कि 'पूर्वोदय' नाम से एक नई योजना शुरू की जाएगी। इस योजना में बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश को शामिल करते हुए देश के पूर्वी क्षेत्र का विकास किया जाएगा। इनके अलावा बाढ़ प्रभावित राज्यों का भी जिक्र है। सीतारमण ने बताया कि असम, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और सिक्किम बाढ़ से हुए नुकसान की भरपाई में केंद्र मदद करेगा। असम में बाढ़ से निपटने के लिए चल रहे प्रोजेक्ट्स में भी केंद्र मदद करेगा। केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर को 42,277.77 करोड़ रुपये का बजट दिया है। ये पिछले बजट की तुलना में 1.2% ज्यादा है। 42,277 करोड़ रुपये के अलावा केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर पुलिस के लिए 9,789.42 करोड़ रुपये भी रखे हैं।

### राज्य सरकारों को 12 फीसदी ज्यादा राशि होगी ट्रांसफर

बजट दस्तावेज के मुताबिक, केंद्र सरकार राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को कुल 23,48,980 करोड़ रुपये ट्रांसफर करेगी। ये रकम 2023-24 की तुलना में लगभग 12 फीसदी ज्यादा है। इस 23.38 लाख करोड़ में से 12.47 लाख करोड़ रुपये सेंट्रल टैक्स और ड्यूटी में राज्यों की हिस्सेदारी के रूप में मिलेंगे। जबकि, बाकी के 11.01 लाख करोड़ रुपये ग्रांट के तौर पर दिए जाएंगे। वित्त आयोग की सिफारिशों के मुताबिक, केंद्र को टैक्स और ड्यूटी से होने वाली कमाई में 41% हिस्सेदारी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की होनी चाहिए। यानी, केंद्र सरकार ने अगर 100 रुपये की कमाई टैक्स और ड्यूटीज से की है, तो उसमें से 41 रुपये सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को मिलेंगे। बजट दस्तावेज के मुताबिक, 2024-25 में केंद्र सरकार को टैक्स और ड्यूटी से 38.40 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई हुई है। इसमें से केंद्र 12.47 लाख करोड़ यानी 32% राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को ट्रांसफर करेगी। यानी कि जितना तय है, उससे कम. इस बार सबसे ज्यादा टैक्स उत्तर प्रदेश को मिलेगा। यूपी को केंद्र सरकार 2.23 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की हिस्सेदारी देगी। वहीं, बिहार को 1.25 लाख करोड़ और आंध्र प्रदेश को 50 हजार करोड़ रुपये मिलेंगे। इन सबके अलावा केंद्र सरकार इन्फ्रास्ट्रक्चर पर खर्च के लिए राज्य सरकारों को 1.50 लाख करोड़ रुपये भी देगी।

## खबर संक्षेप

### ध्रुव राठी को दिल्ली की अदालत ने भेजा समन

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता सुरेश करमशी नखुआ द्वारा दायर मानहानि के मामले में



यूट्यूबर ध्रुव राठी को समन जारी किया है। राठी ने कथित तौर पर उन्हें "हिंसक और अपमानजनक" ट्रोल कहा था। साकेत कोर्ट के जिला न्यायाधीश गुंजन गुप्ता ने 19 जुलाई को यह आदेश पारित किया। न्यायालय ने अंतरिम राहत के लिए नखुआ की याचिका पर राठी को नोटिस भी जारी किया और कहा कि मामले की अगली सुनवाई 6 अगस्त को होगी। नखुआ की ओर से वकील राघव अवस्थी और मुकेश शर्मा पेश हुए।

### उमर खालिद की जमानत याचिका, दिल्ली पुलिस को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली दंगों के आरोपी उमर




खालिद की याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। उमर खालिद पर गैरकानूनी गतिविधि अधिनियम के तहत दर्ज दिल्ली दंगों में साजिश रचने का आरोप है। जस्टिस सुरेश कुमार कैत और जस्टिस गिरीश कठपालिया की खंडपीठ ने दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा और मामले की सुनवाई 29 अगस्त के लिए सूचीबद्ध कर दी। कोर्ट ने सह-आरोपी व्यक्तियों द्वारा दायर जमानत याचिकाओं को भी सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। आरोपी व्यक्तियों में शरजील इमाम, मीरान हैदर, खालिद सैफी, गुलफिशा फातिमा, मोहम्मद सलीम खान, शिफा उर रहमान, शादाब अहमद और अतहर खान शामिल हैं।

### प्रोजेक्ट में सहयोग नहीं कर रही केरल सरकार

**नई दिल्ली।** संसद के प्रश्नकाल में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने



कहा कि 1997-96 में स्वीकृत अंगमाली-सबरीमाला रेल लाइन प्रोजेक्ट में केरल सहयोग नहीं कर रही है। अगर सरकार भूमि अधिग्रहण में सहयोग करे तो केरल में रेलवे प्रोजेक्ट रफ्तार पकड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह एक जटिल परियोजना है और इसे पूरा करने के लिए राज्य सरकार के सहयोग की खासी जरूरत है। रेलवे लाइन बिछाने के लिए नए सिरे से प्रस्ताव बनाया गया है।

### दो दिन बाद फिर शुरू हुआ भारत-बांग्लादेश व्यापार

**कोलकाता।** भारत और बांग्लादेश के बीच व्यापार, जो पड़ोसी देश में



हिंसा के कारण पिछले दो दिनों से ठप था, बुधवार को फिर से शुरू हो गया। एक निर्यात निकाय के अधिकारी ने कहा कि बांग्लादेशी सीमा शुल्क विभाग द्वारा काम फिर से शुरू करने और इंटरनेट लिंक की बहाली के बाद पेट्रापोल, गोजाडांगा, फुलबारी और महादीपुर सहित पश्चिम बंगाल के सभी प्रमुख भूमि बंदरगाहों के लिए व्यापार फिर से शुरू हो गया।

### सुरक्षा एजेंसियों को रखा गया है हाई अलर्ट पर

# पठानकोट के गांव में दिखे 7 संदिग्ध स्केच जारी कर सरगर्मी से तलाश

*पंजाब के पठानकोट में फंगटोली नाम के गांव में सात संदिग्ध लोग एक साथ देखे गए हैं। सूचना मिलने पर सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। पुलिस और सेना के जवान गांव में पहुंच गए हैं और इलाके में तलाशी अभियान चला रहे हैं। पुलिस ने इन लोगों का एक स्केच भी जारी किया है और लोगों से पहचान करने की अपील की है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

### ग्रामीण महिला से पानी मांगकर गए हैं जंगल में
### पुलिस और सेना के जवान पहुंच चुके हैं गांव में

डीएसपी पठानकोट सुमेर सिंह ने बताया कि कल देर रात फंगटोली गांव में देर रात सात संदिग्ध व्यक्तियों ने एक महिला से उसके घर पर पानी मांगा था। इसके बाद वे जंगल की ओर चले गए। महिला ने पहले ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। डीएसपी ने कहा, जिन लोगों ने उन्हें देखा, उनके अनुसार संदिग्ध लोगों के पास कोई गोला-बारूद नहीं था।" फिलहाल ये लोग कौन थे, क्या करने आए थे, इस बारे में किसी तरह की जानकारी निकलकर सामने नहीं आई है। महिला से पानी मांग कर वह आगे बढ़ गया, उसके साथ 6 और लोग थे। महिला को संदिग्ध लगा तो उसने गांव के अन्य लोगों को इस संबंध में जानकारी दी और पुलिस को बताया गया।

**पहले भी दिख चुके हैं 4 संदिग्ध**

गौरतलब है, इससे पहले भी पठानकोट में चार संदिग्ध दिखे थे। जिन्हें जिले के मामनू के गांव पडिया लाहड़ी के पास देखा गया था। पुलिस ने इन्हें खोजने के लिए भी अभियान चलाया था। यह लोग आर्मी की वर्दी में थे। एक शख्स से रास्ता पूछने के बाद वह आगे बढ़ गए थे। बॉर्डर इलाका होने की वजह से पुलिस इस तरह के इलाकों पर खासतौर पर नजर रखती



### कुपवाड़ा में मुठभेड़... 1 आतंकी ढेर, एक जवान भी घायल

जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच रात से मुठभेड़ जारी है। एनकाउंटर के बीच सुरक्षाबलों के जवानों ने एक आतंकी को ढेर कर दिया है। मुठभेड़ में सेना का एक जवान भी घायल है। बता दें कि सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच यह मुठभेड़ जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा की लोलाब घाटी के त्रिमुखा टॉप पर जारी है। सुरक्षाबलों ने आतंकियों को उस समय घेर लिया जब वह वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास जंगल में भागने की कोशिश कर रहे थे। एक दिन पहले ही 23 जुलाई को पुंछ के बट्टल सेक्टर में सुरक्षाबलों ने आतंकियों को बैकफुट पर ला दिया था। हालांकि, भारी गोलीबारी में सेना का एक जवान घायल हो गया था, जो इलाज के दौरान शहीद हो गया। सेना के मुताबिक, जवान अलर्ट थे।

### 'ऑपरेशन ऑल आउट' से जम्मू-कश्मीर में आतंकियों के सफाए में जुटे सुरक्षाबल

जम्मू-कश्मीर में लगातार बढ़ते आतंकी हमलों के बीच सेना सहित अन्य सुरक्षाबलों ने एक बार फिर से 'ऑपरेशन ऑल आउट' के जरिए आतंकियों का पूरी तरह से सफाया करने का निर्णय लिया है। इस कवायद के दौरान हालांकि बीते 24 घंटे के अंदर दो अलग-अलग इलाकों में आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में सेना के दो जवान शहीद हो गए हैं। आतंकियों की तलाश के लिए सुरक्षाबलों का व्यापक अभियान जारी है। सेना ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट में यह जानकारी दी। इसमें बताया कि बुधवार को कुपवाड़ा के कोवुत में सेना और आतंकवादियों के बीच हुई गोलीबारी में एक नॉन कमीशंड अधिकारी (एनसीओ) दिलवर खान शहीद हो गए। जबकि सुरक्षाबलों ने एक आतंकवादी को मौत के घाट उतार दिया। यहां दो से तीन आतंकियों की मौजूदगी की विशेष खुफिया इनपुट मिलने के बाद सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस साझा तलाशी अभियान चला रही थी। जिसमें आतंकियों से सामना होने के बाद यह पूरा अभियान चलाया गया। इससे पहले मंगलवार को पूंछ क्षेत्र में भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा के करीब बट्टल में तड़के सुबह तीन बजे घुसपैठ कर रहे आतंकवादियों की गोलीबारी का सेना ने करारा जवाब दिया। इसमें सेना का एक जवान लांस नायक सुभाष चंद्र घायल हो गया था।

### गैंगस्टर आनंदपाल एनकाउंटर

# पुलिस अफसरों पर चलेगा हत्या का केस



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राजस्थान के चर्चित गैंगस्टर आनंदपाल सिंह के एनकाउंटर मामले में अब नया मोड़ सामने आया है। इस मामले में जोधपुर कोर्ट ने सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट को खारिज कर दिया है। एसीजेएम सीबीआई कोर्ट ने इस एनकाउंटर में शामिल 5 पुलिसकर्मियों के खिलाफ एक्शन लिया है। कोर्ट ने एनकाउंटर में शामिल पुलिसकर्मियों के खिलाफ धारा 302 के तहत मुकदमा चलाने और जांच के आदेश दिए हैं। बता दें कि 24 जून 2017 को आनंदपाल का एनकाउंटर हुआ था। इस एनकाउंटर को फर्जी बताते हुए परिवार की ओर से केस दर्ज करवाया गया था।

### परिजनों ने एनकाउंटर पर उठाए थे सवाल

गैंगस्टर के एनकाउंटर के बाद उसके परिजनों ने इसे फर्जी एनकाउंटर बताते हुए कोर्ट में चैलेंज किया था। आनंदपाल की पत्नी के वकील ने तर्क दिया कि आनंद पाल की शरीर पर चोट के निशान थे। उन्होंने कहा कि अन्य सबूत भी साबित करते हैं कि ये फर्जी एनकाउंटर था। जिसके बाद कोर्ट ने एनकाउंटर में शामिल तत्कालीन चुरु एसपी राहुल बारहट, तत्कालीन एडिशनल एसपी विद्या प्रकाश चौधरी, डीएसपी सूर्यवीर सिंह राठौड़, आरएसी हेड कांस्टेबल कैलाश के खिलाफ मुकदमा चलाने का आदेश दिया है।

### ऐसे हुआ था एनकाउंटर

पुलिस ने बताया था कि उन्हें आनंदपाल के साथियों ने ही बताया था कि वह सालासर में छुपा हुआ है। खबर पुख्ता होने के बाद एसओजी ने घेराबंदी कर आनंदपाल को पकड़ने की कोशिश की। पुलिस ने बताया था कि जैसे ही पुलिस टीम वहां पहुंची आनंदपाल ने घर की छत से पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। एसओजी ने भी जवाबी कार्रवाई में फायरिंग की. गोलीबारी में आनंदपाल मारा गया।

### जम्मू-कश्मीर के लिए खतरा बताकर की गई कार्रवाई

# चार सरकारी कर्मचारी बिना जांच के बर्खास्त

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

जम्मू कश्मीर प्रशासन ने चार सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है। वजह बताई है कि यह लोग राज्य की सुरक्षा के लिए खतरा थे। इन सरकारी कर्मचारियों को संविधान के आर्टिकल 311 (2) (सी) के तहत तुरंत प्रभाव से हटा दिया गया है। संविधान का यह आर्टिकल किसी सरकारी कर्मचारी को बिना जांच के बर्खास्त करने की इजाज़त देता है। इससे पहले भी कुछ सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त किया जा चुका है। प्रशासन ने हंदवाड़ा के सीनियर ग्रेड कांस्टेबल मुश्ताक अहमद पीर, दक्षिण कश्मीर के त्राल के गमराज गांव के पुलिस कांस्टेबल इम्तियाज अहमद लोन, उत्तर कश्मीर के कुपवाड़ा के लालपोरा के खुरहामा गांव के शिक्षा विभाग के जूनियर सहायक बाजिल अहमद मीर और उत्तर कश्मीर के बारामूला जिले के उरी के बसग्रान गांव के ग्रामीण विकास विभाग के ग्राम स्तरीय कार्यकर्ता मोहम्मद जैद शाह को बर्खास्त कर दिया है। मुश्ताक अहमद पीर को बर्खास्त करने वाले आदेश में लिखा गया है, उपराज्यपाल ने मामले के तथ्यों और हालात पर विचार करने के बाद और मौजूदा जानकारी के आधार पर श्री मुश्ताक अहमद पीर जो पुलिस विभाग में वरिष्ठ ग्रेड कांस्टेबल हैं।

### 64 सरकारी कर्मचारियों को अब तक किया जा चुका है बर्खास्त

पिछले चार सालों में जम्मू-कश्मीर में इस तरह की बर्खास्तगी की कुल संख्या 64 सरकारी कर्मचारियों तक पहुंच गई है। घाटी में मौजूद राजनीतिक दल इस तरह के कदमों की तीखी आलोचना करते रहे हैं। बर्खास्तगी का यह ताजा मामला सरकार द्वारा चार सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त करने के आदेश के डेढ़ महीने बाद सामने आया है। 8 जून को सरकार ने दो पुलिसकर्मियों, जल शक्ति विभाग के एक सहायक लाइनमैन और एक रहबर-ए-तालीम (आरईटी) शिक्षक की सेवाएं समाप्त कर दी थीं।

## 'स्पाइडर मैन' का कटा चालान, 26 हजार जुर्माना




दिल्ली के द्वारका में स्पाइडर मैन जैसी पोशाक पहने एक युवक को स्कॉर्पियो की बोनट पर बैठकर घूमते देखा गया। इसके बाद दिल्ली यातायात पुलिस ने इस पर तुरंत एक्शन लिया। स्पाइडर मैन की कॉस्ट्यूम पहने शख्स को द्वारका के रामपाल चौक से पकड़ा गया। स्पाइडर मैन बने युवक की पहचान नजफगढ़ के रहने वाले आदित्य के रूप में की गई। उसकी उम्र 20 साल है। उसके पिता का नाम रोहित है। वहीं स्कॉर्पियो चला रहे युवक की पहचान गौरव सिंह, पिता दिनेश कुमार के रूप में की गई। वह महावीर इन्क्लेव में रहता है। गौरव की उम्र 19 साल बताई जा रही है। ट्रैफिक पुलिस ने गाड़ी के मालिक और ड्राइवर पर खतरनाक तरीके से वाहन चलाने, सीट बेल्ट नहीं लगाने और पॉल्यूशन सर्टिफिकेट नहीं होने पर 26 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

### रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग में दी जानकारी

# छत्तीसगढ़ में रेल विकास के लिए 6 हजार 922 करोड़ का प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर



वर्ष 2024-25 का बजट 23 जुलाई को संसद में पेश किया गया था। इसमें रेलवे में चल रही विभिन्न परियोजनाओं, नई परियोजनाओं, कार्यों एवं मदों के लिए बजट का प्रावधान किया गया है। रेलवे के लिए बजट में मुख्यतः औद्योगिक विकास को बढ़ावा, उच्च घनत्व वाले नेटवर्क की भीड़ को कम करने एवं मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी को सक्षम बनाने पर जोर दिया गया है। बुधवार को रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से पत्रकारों से चर्चा की। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में रेल विकास के लिए 6 हजार 922 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जो वर्ष 2009 से 2014 के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य के लिए आबंटित औसत 311 करोड़ रुपये से 22 गुना अधिक है। वर्ष 2009 से 2014 के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य में औसत 6 किलोमीटर प्रतिवर्ष रेल लाइन के निर्माण किए गए, जबकि 2014 से 2024 के दौरान इससे 17 गुना अधिक औसत 100 किलोमीटर प्रतिवर्ष रेल लाइन का निर्माण किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य में रेल लाइन का शत प्रतिशत विद्युतीकरण किया गया है। वर्ष 2014 से 2024 के दौरान 31 किलोमीटर प्रतिवर्ष रेल लाइनों का विद्युतीकरण किया गया है।

### 25 नई परियोजनाओं पर हो रहा काम

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि छत्तीसगढ़ में 37 हजार 18 करोड़ रुपए की लागत से 2 हजार 731 किलोमीटर की 25 नई रेल लाइन परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत यहां के 32 स्टेशनों का विकास किया जा रहा है, जिनमें अकलतरा, अंबिकापुर, बैकुंठपुर रोड, बालोद, बाराद्वार, बिल्हा, भानुप्रतापपुर, भाटापारा, भिलाई, भिलाई नगर, भिलाई पावर हाउस, बिलासपुर, चांपा, दल्लीराजहरा, डोंगरगढ़, दुर्ग, हथबंध, जगदलपुर, जांजगीर नैला, कोरबा, महासमुंद, मंदिर हसौद, मरौदा, निपनिया, पेंड्रा रोड, रायगढ़, रायपुर जंक्शन, राज नांदगांव, सरोना, तिल्दा-नेवरा, उरकुरा एवं उसलापुर स्टेशन शामिल हैं। उन्होने बताया कि वर्ष 2014 से अब तक छत्तीसगढ़ राज्य में 141 रेल ओवर ब्रिज और अंडर ब्रिज का निर्माण किया गया है।

### बढ़ाई जा रही रेलवे लाइनों की क्षमता

रेलमंत्री ने बताया कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में लाइनों की क्षमता बढ़ाने के लिए दोहरीकरण, तिहरीकरण एवं चौथी लाइन के कार्य वृहद रूप से किए जा रहे हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 143 किलोमीटर नए सेक्शन (133.3 किलोमीटर मल्टी-ट्रैकिंग, 3.8 किलोमीटर नई लाइनें और 6 किलोमीटर गेज परिवर्तन) का काम पूरा किया था, जिसमें बिलासपुर-उसलापुर आरओआर फ्लाईओवर का निर्माण किया गया। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कुल 421 किलोमीटर का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें 224 किलोमीटर मल्टी-ट्रैकिंग, 20 किलोमीटर नई लाइनें और 177 किलोमीटर गेज परिवर्तन शामिल है।

# नौसेना ने बचाया चीनी नागरिक को मुंबई में व्यापारिक जहाज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर बीते करीब चार साल से अधिक समय से भारत और चीन के बीच जारी तनातनी से उलट एक बिल्कुल अलग नजारा हाल ही में मुंबई में दूर समुद्र में देखने को मिला है। जहां भारतीय नौसेना ने मानवता के पहलू को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखते हुए एक व्यापारिक जहाज में गंभीर रूप से घायल चीन के एक नागरिक को बचाया। नौसेना ने बुधवार को बताया कि मंगलवार को मुंबई के समुद्री राहत समन्वय केंद्र (एमआरसीसी) को आपात कॉल पर यह सूचना मिली थी कि समुद्र तट से करीब 370 किलोमीटर दूर



व्यापारिक जहाज झोंग शान मेन में बुरी तरह से घायल होने की वजह से एक 51 वर्षीय चीनी नागरिक का अत्यधिक रक्तस्राव हुआ है। उसे तत्काल मदद की आवश्यकता है। इसके बाद एमआरसीसी और भारतीय नौसेना ने एक संयुक्त अभियान चलाकर चीनी नागरिक को बचाया। नौसेना ने 'एक्स' पर इस पूरे अभियान का एक वीडियो भी अपलोड किया है। इसमें विस्तार से दिखाया गया है कि कैसे सीकिंग हेलिकॉप्टर के जरिए चीनी नागरिक तक मदद पहुंचाई गई।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

### जांच के लिए कमेटी

स्वास्थ्य विभाग ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के अंतर्गत केंद्रीय भंडार से प्रदत्त भंडार तथा कच्चा माल (रिएजेंट) की वार्षिक मांग एवं उनके विरुद्ध सीजीएमएससी द्वारा किए गए क्रय आदेश के विरुद्ध आपूर्ति की गई सामग्री एवं आपूर्ति की गई सामग्री के भंडारण, वितरण एवं उपयोग की विस्तृत जांच के लिए एक समिति का गठन किया है। समिति को नौ बिंदुओं में जांच का आदेश दिया गया है।



## विस में उठा मुद्दा

*विधानसभा में सीजीएमएससी के द्वारा लैब रिएजेंट की सप्लाई को लेकर कई सवाल उठे। मामले में एक ही फर्म को मोक्षित कार्पोरेशन का अनुबंधित कर अधिक लाभ देने का मामला भी सामने आया। राज्य शासन ने मामले में एक जांच समिति का भी गठन किया गया है। समिति नौ बिंदुओं में इस मामले की जांच कर रिपोर्ट देगी। विधानसभा के मानसून सत्र में सप्लाई को लेकर विधायकों ने सवाल उठाए।*

हरिभूमि ने उठाया था मामला, बिना मांग सप्लाई हुई, स्वास्थ्य मंत्री ने कहा एक कमेटी बनाई गई

# सीजीएमएससी के रिएजेंट खरीदी का मामला, मोक्षित को अरबों का काम, 329 करोड़ अभी भी बकाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

विधानसभा में यह मामला भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक और अनुज शर्मा ने उठाया। वर्ष 2021 से जून 2024 तक सीजीएमएससी के द्वारा चार फर्मों से लैब रिएजेंट खरीदे गए। इन फर्मों में बागरी इंटरप्राइजेज, फैथ इनोवेशन, सी फेल्ट इंडिया लिमिटेड और मोक्षित कार्पोरेशन का नाम शामिल हैं। कंपनियों से अलग-अलग लैब रिएजेंट खरीदी की गई। इनमें से मोक्षित कार्पोरेशन को सबसे अधिक काम दिया गया। मामले में यह बताया गया कि इनमें से कई रिएजेंट की खरीदी का माध्यम स्पष्ट नहीं था।

हरिभूमि खास



**समिति में ये किए गए शामिल:** स्वास्थ्य विभाग के द्वारा समिति में रूद्र प्रताप सिंह चौहान वित्त नियंत्रक, डॉ. अनिल परसाई उप संचालक, एसएन पांडेय पैथालॉजी विशेषज्ञ, डॉ. खेमराज सोनवानी, डॉ. आनंद वर्मा स्टोर कंसलटेंट, आनंद साहू एसपीएम एनएचएम और जावेद कुरैशी योजना प्रभारी एनएचएम को शामिल किया गया।

धरमलाल और अनुज शर्मा ने उठाया मामला



### बिना मांग अरबों की सप्लाई कर दी थी

उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने छत्तीसगढ़ में बिना मांग के अरबों रुपए की रीएजेंट सप्लाई का मामला उठाया था। जिलों से मांग नहीं होने के बाद भी रीएजेंट सप्लाई किया गया और वह बिना उपयोग के एक्सपायरी हो गया। जिलों में की गई हरिभूमि की जांच में यह भी पाया ▶▶ शेष पेज 4 पर

### ये हैं जांच के बिंदु

स्वास्थ्य संचालनालय द्वारा इंडेंट सम्मिलित सामग्री और उनकी मात्रा का औचित्य, इन सामग्रियों के उपयोग के लिए उपयुक्त मशीनों की स्थापना है कि नहीं, मशीनों के उपयोग एवं जांच के लिए टेक्नोलॉजिस्ट की उपलब्धता, कितने स्थानों पर टेस्ट किए जाने का प्रस्ताव था और उन स्थानों पर क्या उपकरण इंडेंट जारी करने के पूर्व स्थापित थे। जिन सामग्रियों के प्रदाय आदेश जारी किए गए क्या उनके भंडारण हेतु मानकों के अनुसार उचित व्यवस्था की गई। प्रदाय आदेश कब-कब जारी किए गए। आदेश की पुनरावृत्ति से पूर्व क्या पूर्व में प्रदाय आदेश के विरुद्ध सामग्रियां संबंधित एजेंसियों से प्रदाय की जा चुकी थी और क्या उनकी उपयोगिता सुनिश्चित कर ली गई थी। सामग्रियां सीजीएमएससी के स्टोर में कब-कब प्राप्त हुई। उन्हें निर्धारित प्रदाय स्थलों का जहां उनकी उपयोगिता थी, कब भेजी गई। वर्तमान में प्रदायित सामग्रियां कहां रखी गई हैं?

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### अब तक चार करोड़ आईटीआर दाखिल



**नई दिल्ली।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के चेयरमैन रवि अग्रवाल ने बुधवार को कहा कि चालू सत्र में अबतक दाखिल कुल आयकर रिटर्न में से 66 प्रतिशत से अधिक करदाताओं ने नई आयकर व्यवस्था को चुना है। अबतक कुल चार करोड़ रिटर्न दाखिल किए गए हैं।

### दिल्ली का शंभू बार्डर फिलहाल नहीं खुलेगा



**नई दिल्ली।** पिछले काफी दिनों से बंद शंभू बॉर्डर खुलेगा या नहीं, इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया है। कोर्ट ने मामला सुलझाने के लिए कमेटी बनाने का प्रस्ताव दिया है और इस संबंध में पंजाब-हरियाणा सरकार से सुझाव मांगा है।

### राज्यपाल के काफिले की गाड़ी का फटा टायर



**चंडीगढ़।** पंजाब के सरहदी इलाकों के दौरे पर गए राज्य के गवर्नर बनवारीलाल पुरोहित के काफिले का वाहन का टायर फट गया। इस हादसे में तीन जवान घायल हो गए हैं। उनको अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। राज्यपाल पूरी तरह से सुरक्षित हैं।

### कोर्ट में फायरिंग, आरोपी और सिपाही घायल



**गया।** गया जिले की शेरघाटी कोर्ट कैंपस में फायरिंग से हड़कंप मच गया। इसमें पेशी पर आरोपी फोटो खान घायल हो गया। इस गोलीकांड में एक सिपाही भी घायल हुआ है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता मोहम्मद अनवर अली खान की हत्या का मुख्य आरोपी फोटो खान है।

### बस और बाइक की टक्कर में तीन युवकों की मौत



**बलिया।** रोडवेज की एक अनुबंधित बस और बाइक की टक्कर में तीन युवकों की मौत हो गई। यह दुर्घटना नगरा-गड़वार राजमार्ग पर हुई। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए रत्नेश राजभर (22 वर्ष), अजेश राजभर (20) और ओम बहादुर राजभर (23) को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

बजट पर लोकसभा में सामान्य चर्चा की शुरुआत

# भाजपा ने कहा - बजट में 'मोदी की गारंटी' कायम है, विपक्ष ने बताया 'जुमला बजट'

*सदन के दोनों सदनों में बुधवार को जमकर हंगामा हुआ। बजट पर लोकसभा में चर्चा हुई। इस दौरान भाजपा और राजग में उसके सहयोगी दलों ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट को दूरदृष्टि और विकसित भारत वाला बताते हुए दावा किया कि इसमें 'मोदी की गारंटी' कायम है, वहीं कांग्रेस समेत संपूर्ण विपक्ष ने इसे 'कुर्सी बचाओ' और 'जुमला बजट' बताया। इस बीच, विपक्ष ने संसद के भीतर जमकर हंगामा किया और बाहर प्रदर्शन किया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

वर्ष 2024-25 के लिए बजट पर लोकसभा में सामान्य चर्चा के दौरान विपक्षी दलों ने आरोप लगाया कि बजट में राजग के सहयोगी दलों, जनता दल यूनाइटेड (जद-यू) और तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) को खुश करने के लिए बिहार और आंध्र प्रदेश को पर्याप्त धन दिया गया है और अन्य राज्यों की अनदेखी की गई है।



चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने कटाक्ष करते हुए कहा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हमारा घोषणापत्र पढ़ा है। वित्त मंत्री ने हमारा घोषाणापत्र लागू किया, हम धन्यवाद करते हैं। कांग्रेस नेता ने तंज कसते हुए यह भी कहा, इसे कुर्सी बचाओ बजट बोलें या जुमला बजट बोलें। उन्होंने जनगणना में देरी का मुद्दा भी उठाया और सवाल किया, सरकार जनगणना पर चुप्पी साधे हुए है, इस पर नीतीश कुमार जी (बिहार के मुख्यमंत्री) क्या कहना चाहेंगे? बजट में बिहार और आंध्र प्रदेश के लिए विशेष वित्तीय सहायता के प्रावधान का हवाला देते हुए सैलजा ने कहा, क्या सिर्फ दो राज्यों पर मेहरबानी ▶▶ शेष पेज 4 पर

- विपक्ष ने सदन के भीतर-बाहर की नारेबाजी किया प्रदर्शन

### इंडिया गठबंधन ने किया प्रदर्शन




विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों के सांसदों ने केंद्रीय बजट में विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों के साथ किए गए 'भेदभाव और अन्याय' के खिलाफ बुधवार को संसद भवन परिसर में प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन में राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और कई अन्य विपक्षी दलों के सांसद शामिल हुए।

### भाजपा बोली-सभी का ध्यान

भाजपा सांसद विप्लव कुमार देव ने केंद्रीय बजट में कई राज्यों के साथ 'भेदभाव' से जुड़े विपक्ष के आरोप को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि इसमें सभी प्रदेशों और वर्गों का ध्यान रखा गया है तथा जनता के लिए आज भी 'मोदी की गारंटी' कायम है। देव ने कहा कि मोदी सरकार में अब तक 14 लाख करोड़ रुपये एमएसपी में दिया गया है।

### तेदेपा ने बताया दूरदृष्टि वाला

सत्तारूढ़ राजग में शामिल तेदेपा ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट को दूरदृष्टि वाला बजट बताया। उन्होंने कहा कि इसमें आंध्र प्रदेश के लिए 15,000 करोड़ रुपए की व्यवस्था करने के वादे का स्वागत किया और कहा कि विभाजन के बाद अनेक चुनौतियों से जूझ रहे राज्य को इससे मदद मिलेगी।



सीतारमण ने कहा-

### जानबूझकर लगाए जा रहे आरोप

लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होने के बाद सदन में भी बजट को लेकर हंगामा हुआ। प्रश्नकाल में राज्यसभा में चर्चा के दौरान विपक्ष के नेताओं ने वॉकआउट किया। विपक्ष द्वारा बजट को भेदभाव वाला बताने पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा- बजट में सभी राज्यों का नाम लेने का मौका नहीं मिलता। कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष के नेता जानबूझकर ऐसे आरोप लगा रहे हैं, ताकि लोगों को लगे कि उनके राज्य को कुछ नहीं मिला। यह ठीक नहीं है।

बिहार में लोक परीक्षा बिल पास

# पेपर लीक पर 10 साल की सजा, 1 करोड़ जुर्माना



एजेंसी ▶▶ पटना

परीक्षा में धांधली और पेपर लीक रोकने के लिए आज विधानसभा से बिहार लोक परीक्षा विधेयक 2024 पास हो गया है। इस कानून के तहत पेपर लीक करने वालों को 10 साल तक की जेल और एक करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। विधानसभा के बाद अब विधान परिषद में पास होना बाकी है। जिसके बाद इसे राज्यपाल के पास भेजा जाएगा। विधेयक पेश करते हुए संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि विपक्ष ऐसे महत्वपूर्ण कानून का हिस्सा नहीं बनना चाहता, जिसका उद्देश्य युवाओं के लिए एक स्वच्छ परीक्षा प्रणाली सुनिश्चित करना है।

### नए बिल में क्या

- कोई व्यक्ति या ग्रुप जिनके साथ सर्विस प्रोवाइडर की मिलीभगत हो तो 5 से 10 वर्ष की सजा
- एक करोड़ का जुर्माना, संस्था की संपत्ति की कुर्की का भी प्रावधान
- किसी अधिकारी की संलिप्तता पर उसे 10 साल तक जेल, एक करोड़ जुर्माना
- साथ ही अब पेपर लीक की जांच भी डीएसपी रैंक के अधिकारी करेंगे

### न्यूनतम तीन साल की सजा

*विधेयक में साफ है कि कानून के अधीन अपराधों में संलिप्त व्यक्ति को न्यूनतम 3 साल की सजा होगी, जो 5 सालों तक की होगी। अगर कोई अभ्यर्थी नियमों का उल्लंघन करते पाया जाता है तो उसे तीन से पांच साल की सजा और 10 लाख रुपये के जुर्माने का प्रावधान नए बिल में किया गया है। परीक्षा में शामिल सेवा प्रदाता अगर कानून का उल्लंघन करते हैं तो उनके लिए एक करोड़ जुर्माने का प्रावधान है। परीक्षा की लागत भी सेवा प्रदाता से ही वसूली जाएगी। उसे चार साल के लिए ब्लैकलिस्टेड कर दिया जाएगा।*

हैवानियत की हदें पार

# सनकी ने हाथ, प्राइवेट पार्ट काटकर उतारा मौत के घाट




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर

बलरामपुर जिले के सामरी थाना क्षेत्र में एक सनकी ने हैवानियत की सारी हदें पार कर दी। सनकी ने गांव के ही युवक का दोनों हाथ व गुप्तांग को काट दिया जिससे उसकी तड़प-तड़प कर मौत हो गई। हत्या के बाद आरोपी ने मृतक के पिता को भी जान से मारने की धमकी देकर जबरन शव को दफन करवा दिया और खुद गांव में अपनी दहशत फैलाने के लिए मृतक के कटे हुए हाथ को झोले में लेकर घूमता रहा। इस घटना की जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस को दी जिसके बाद हरकत में आई पुलिस ने तहसीलदार की मौजूदगी में कब्र खोदकर शव निकलवाया। फिलहाल पुलिस ▶▶ शेष पेज 4 पर

### जल्द गिरफ्तार होगा आरोपी

सामरी थाना में डूमरखोली के ग्रामीणों ने सूचना दी थी कि गांव के विनोद बिरजिया की मगधु बिरजिया ने हत्या कर दी शव को जंगल में दफन कर दिया है और उसके कटे हुए हाथ व प्राइवेट पार्ट को लेकर गांव में घूम रहा है। सूचना पर मर्ग कायम कर एसडीएम को सूचना देकर तहसीलदार की मौजूदगी में कब्र खोदकर शव निकाला गया। सूचना सही पाई गई मृतक का लिंग व हाथ कटा हुआ था। मौके पर ही पीएम करवाया गया है। जल्द से जल्द आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

-शैलेंद्र पांडेय, एएसपी

### चोरी करने पर हत्या की संभावना

विनोद बिरजिया आदतन शराबी था और अक्सर गांव में लोगों के घरों से फावड़ा, कुदाल, कुल्हाड़ी व अन्य सामान की चोरी कर शराब पीता था। उसने हाल ही में मगधु बिरजिया के घर से भी महुआ की चोरी की थी जिससे वह आक्रोशित था। ग्रामीणों का कहना है कि 18 जुलाई को मगधु बिरजिया व अन्य लोगों ने विनोद को बुलाया और फिर उसे जमकर शराब पिलाई।

10 हजार लोगों को किया शिफ्ट

# मिसाइल टेस्टिंग, 10 गांव कराए गए खाली



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के बालासोर में बुधवार को फेज-2 बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस सिस्टम की टेस्टिंग हुई। इस टेस्टिंग से पहले 10 गांवों के 10 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित जगहों पर शिफ्ट किया गया। मिसाइल की टेस्टिंग बालासोर के चांदीपुर के इंटीग्रेटेड टेस्टिंग रेंज के लॉन्च पैड-3 से की गई। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने कहा है कि मिसाइल टेस्टिंग ▶▶ शेष पेज 4 पर

### दो पार्ट में हुई टेस्टिंग

डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन ने शाम 4:20 बजे टारगेट मिसाइल लॉन्च की जिसे जमीन और समुद्र में तैनात रडार ने इंटरसेप्ट किया। एडी इंटरसेप्टर सिस्टम को एक्टिवेट किया।

# विमान क्रैश, एक बच्चे समेत 18 की मौत, पायलट घायल

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

काठमांडू में त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार सुबह उड़ान भरने के दौरान एक निजी एयरलाइन का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में एक बच्चे समेत 18 यात्रियों की मौत हो गई तथा पायलट गंभीर रूप से घायल हो गया। सौर्य एयरलाइंस का नेपाल का घरेलू विमान 'एन9एएमई' नियमित रखरखाव कार्य के लिए पोखरा जा रहा था। पूर्वाह्न 11 बजकर 11 मिनट पर यह हादसे का शिकार हो गया। बमबॉर्डियर सीआरजे-200 विमान रनवे पर फिसल गया और आग लग गयी।

- काठमांडू हवाई अड्डे पर विमान दुर्घटनाग्रस्त



### एक मिनट में ही हो गया हादसा

त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रमुख जगन्नाथ निरौला के अनुसार, काठमांडू से पोखरा जा रहा विमान गलत दिशा में मुड़ गया था। जैसे ही विमान ने उड़ान भरी, वह बायीं ओर मुड़ने के बजाय दायीं ओर मुड़ गया। हालांकि, उन्होंने कहा, दुर्घटना का कारण अब तक पता नहीं चला है। निरौला ने कहा कि विमान के उड़ान भरने के एक मिनट से भी कम वक्त में यह हादसा हो गया।

### एक ही परिवार के तीन की मौत

इस हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई जिनमें एयरलाइन के तकनीशियन मनु राज शर्मा, उनकी पत्नी प्रिजा खातीवाड़ा और उनका चार वर्षीय बेटा आदि राज शर्मा शामिल हैं। एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि प्रिजा और उनके बेटे की पहचान शुरुआत में कंपनी के कर्मचारी के रूप में की गई थी, लेकिन बाद में पता चला कि वे यात्री थे।

# पढ़ाई का जज्बा, नदी पार कर पहुंच रहे स्कूल

खास खबर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

बीते कुछ दिनों से हो रही बारिश की वजह से प्रदेश के कई नदी-नाले उफान पर हैं। गरियाबंद के मैनपुर इलाके में स्कूली बच्चों को उफनती नदी-नालों को पार कर स्कूल पहुंचना पड़ रहा है। पर्याप्त पुलिया के अभाव में बारिश के चार माह दिक्कतों और परेशानियों के बीच गुजारना पड़ रहा है। पिछले सप्ताह भर से रुक रुककर झमाझम ▶▶ शेष पेज 4 पर

### करोड़ों रुपए स्वीकृत होने के बाद निर्माण कार्य अधर में

मैनपुर अमलीपदर सूखा नाला पर 2020 में 7 करोड़ की लागत से पुल निर्माण की मंजूरी तो मिल गई, पर आज भी इस क्षेत्र के लोगों की समस्या जस की तस बनी हुई है। 150 मीटर पुल के निर्माण की जवाबदारी पीडब्ल्यूडी के सेतु ▶▶ शेष पेज 4 पर



### छात्राओं ने कहा, निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिए

बुधवार को नदी में पानी का तेज बहाव को पार कर स्कूल आने वाले छात्र छात्राएं कुमारी हर्षिता, रीता, पूर्णिमा, सीमा, ▶▶ शेष पेज 4 पर

### ज्यादा प्रभावित

*अमलीपदर में हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी स्कूल की सुविधा है, और अमलीपदर में ग्राम उसरीजोर, गुढ़ियारी, भाठीपारा, गोलामाल, कांण्डेकेला, डेडन्दुपदर, मुडामहान, गुरजीभाठा, फरसरा सहित एक दर्जन से ज्यादा ग्रामों के छात्र छात्राएं प्रभावित हैं।*

### क्या कहते हैं प्राचार्य

*शासकीय उच्चतर कन्या माध्यमिक विद्यालय अमलीपदर के प्राचार्य श्री वाघे ने बताया कि 150 से ज्यादा छात्राएं नदी पार कर स्कूल पढ़ाई करने आते हैं, तेज बहाव होने पर बच्चों को स्कूल आने से रोका जाता है, साथ ही पुल स्थल पर सूचना बोर्ड लगाना जरूरी है। सूखी नदी का बहाव कभी तेज हो जाता है।*

## चिंतन

# मानसून की बरसात शुरू होते ही पानी पर हाहाकार क्यों

मानसून की थोड़ी सी लेटलतीफी से पूरा देश व्याकुल था। चौतरफा गर्मी को लेकर हाहाकार मचा हुआ था, लेकिन जैसे ही मानसून ने कुछ रंग दिखाया तो देश के अनेक हिस्सो में पानी-पानी हो गया। एक के बाद एक बरसाती पानी से हादसों की खबरें आ रही हैं। हालांकि अभी तक पूरे उत्तर भारत में मानसून की उतनी बरसात नहीं हुई है, जितनी होनी चाहिए। इसके बावजूद हादसों ने अभी से भय बैठा दिया है। ऐसा नहीं है कि ये सब पहली बार हो रहा है। हर साल ऐसी खबरें आती है और मानसून के साथ ही विदा हो जाती हैं। न तो हम कोई सावधानी बरतते हैं और न ही सरकारें कोई इंतजाम करती हैं। इस बार भी जैसे ही प्रकृति ने अपना आशीष बरसाया और ताल-तलैया, नदी-नाले उफन कर धरा को अमृतमय करने लगे, समाज का एक वर्ग इसे जय प्रलय, हाहाकार जैसे शब्दों से निरूपित करने लगा। जब धरती तप रही थी, तब कुएं, बावड़ी, तालाब, जोहड़ और नदी और नालों को साफ करना था, उनमें जम गई गाद को खेतों तक ले जाना था, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। न तो राज्य सरकारों ने ध्यान दिया और न ही आसपास के लोग जागे, इसलिए थोड़ी सी बरसात में ही सब पानी- पानी हो गया। जो पानी पूरे साल के लिए धरती को जीवन देता, वह लोगों को समस्या लगने लगा। यही सच है कि पानी का स्रोत मानूसन है या फिर ग्लेशियर। तालाब और नदी तो उसे सहेजने के स्थान मात्र हैं। हम मानसून की नियामत को सहेजने के इन स्थानों को गर्मी में तैयार नहीं करते, इसलिए ही जलभराव होता है। इसका एक बड़ा कारण बेतरतीब बसती गई आवासीय कालोनियां भी हैं। अनेक शहरों में तो देखने में आता है कि जल सहेजने के लिए बनाए गए तलाबों में ही आबादी प्रवास करने लगी है। शहरों से जल निकासी के नालों को भी हमने बंद कर दिया है। छोटी नदियों के किनारे बसे गांव-कस्बे तक बस यही हल्ला है कि बरसात ने खेत-गांव सब कुछ उजाड़ दिया, लेकिन मानसून के विदा होने के बाद इन सभी इलाकों में पानी की एक-एक बूंद के लिए मारा-मारी दिखाई देती है। सच तो यही है कि मानसून के जल का विस्तार हमारी जमीन पर नहीं हुआ है, बल्कि हमने ही जल विस्तार की नैसर्गिक जमीन पर अपना कब्जा जमा लिया है। जो जमीन मानसून के पानी के लिए थी, वहां तो अब महल बन गए हैं। पत्थर के पहाड़ खड़े कर दिए गए हैं तो फिर पानी जाएगा कहां। यह भी सच है कि यही पानी हमारे लिए अनमोल है, लेकिन हम कभी इसे सहेजते ही नहीं। देश की महज पांच प्रतिशत जमीन पर पांच मीटर औसत गहराई में बारिश के पानी को जमा किया जाए तो 500 लाख हेक्टेयर पानी एकत्र किया जा सकता है। इस तरह प्रति व्यक्ति औसतन 100 लीटर पानी साल भर पूरे देश में दिया जा सकता है, लेकिन हमने कभी ऐसा प्रयास ही नहीं किया। जरूरी है कि सदियों से समाज की सेवा करने वाली पारंपरिक जल प्रणालियों को खोजा जाए। उन्हें सहेजने और संचालित करने वाले समाज को सम्मान दिया जाए। अनेक क्षेत्रों में ऐसा प्रयास भी हुए हैं, लेकिन इसकी संख्या उंगलियों के पोरों पर गिनी जा सकती है। जरूरी है कि समाज को पानी का महत्व समझाया जाए। समाज को ही आगे किया जाए। सनद रहे कि हमारे पूर्वजों ने देश-काल की परिस्थितियों के अनुसार बारिश को समेट कर रखने की कई प्रणालियां विकसित एवं संरक्षित की थीं, जिसमें तालाब सबसे लोकप्रिय थे। पेयजल के लिए कुआं कभी घर-आंगन में हुआ करता था, लेकिन अब सब गायब हो चुका है। अगर आने वाली पीढ़ियों का भविष्य संवारना है तो हमें जल संरक्षित करना होगा।

## सारा संसार



मुरुद जंजीरा किला महाराष्ट्र के तटीय गांव मुरुद के एक द्वीप पर स्थित एक शक्तिशाली किला है। माना जाता हैं कि मरूद जंजीरा किला लगभग 350 वर्ष पुराना हैं जिसके निर्माण में 22 वर्ष का समय लग गया था। जंजीरा किला की ऊंचाई समुद्र तट से लगभग 90 फिट हैं जबकि इसकी नींव की गहराई लगभग 20 फीट हैं।

## कैंसर की दवा सस्ती

डॉ. मोनिका शर्मा



# घटेगा चिकित्सा खर्च का बोझ

देश के नागरिकों की देखभाल का अहम पक्ष स्वास्थ्य भी है। सेहत की बेहतरी से जुड़ा पक्ष राष्ट्र के आर्थिक, सामाजिक और पारिवारिक हर पहलू को प्रभावित करता है। स्वास्थ्य क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाली सेवाओं को प्रोत्साहन देने के लिए बजट 2024-25 में 12.7 प्रतिशत से अधिक इजाफा कर 89 हज़ार 287 करोड़ का प्रावधान किया है। हालांकि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बजट भाषण में विकसित भारत के लिए जिन 9 प्राथमिकताओं की घोषणा की गई, उनमें स्वास्थ्य को जगह नहीं मिली है। इतना ही नहीं बजट में आयुष्मान भारत योजना को लेकर की जा रही विशेष राहत मिलने की आशा भी पूरी नहीं हुई। स्वास्थ्य बजट में वित्त मंत्री ने नए मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल खोलने की बात जरूर कही है। साथ ही बजट में कैंसर से जूझ रहे रोगियों को राहत देना निश्चित रूप से एक अहम पक्ष है। ध्यातव्य है कि केंद्र सरकार ने कैंसर की 3 और दवाओं से सीमा शुल्क हटाने की घोषणा की है, जिससे कैंसर की कुछ दवाएं और इलाज में प्रयोग होने वाले उपकरण सस्ते हो जाएंगे। यह इलाज की पूरी प्रक्रिया को प्रभावित करने वाला पहलू है। यह इन जानलेवा व्याधि से जूझ रहे लोगों और उनके परिवारों को राहत देने वाली बात है। भारत को दुनिया का कैंसर कैपिटल कहा जाने लगा है। कुछ साल पहले आई इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च की एक रिपोर्ट के अनुसार हमारे देश में अगले पांच साल में कैंसर के मामले 12 प्रतिशत बढ़ जाएंगे। रिपोर्ट में 2025 तक इस जानलेवा रोग के आंकड़े 15.7 लाख तक पहुंचने की बात कही गई थी। इतना ही नहीं 2040 तक यह अनुमान 20 लाख नए कैंसर मामलों तक पहुंचने का है। ज्ञात हो कि 2017 में जर्नल ऑफ ग्लोबल ऑन्कोलॉजी में छपी एक रिपोर्ट के अनुसार विकसित देशों के मुकाबले भारत में कैंसर मरीजों की मौत की दर दोगुनी है। द लैंसेट रीजनल हेल्थ साउथईस्ट एशिया जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार हमारे देश में 2019 में कैंसर के करीब 12 लाख नए केस और 9.3 लाख मौतें दर्ज की गई थीं। वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन में रिपोर्ट किए जा रहे नए सालाना कैंसर के मामलों की 2020 की रैंकिंग में चीन व अमेरिका के बाद भारत को तीसरे स्थान पर रखा था। ऐसी स्थितियां परिजनों को आर्थिक भावनात्मक और सरकार को आर्थिक एवं व्यवस्थागत मोर्चे पर गहराई से प्रभावित करती हैं। दरअसल, कैंसर के बढ़ते मामले वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य से जुड़ा बड़ा जोखिम बन गए हैं। दुनिया के विकसित देशों के लिए भी कैंसर की व्याधि के इलाज का खर्च एक बड़ी समस्या बन गया है। भारत जैसे बड़ी आबादी वाले देश में तो बहुत से लोगों को समय पर उचित इलाज ही नहीं मिल पाता। कुछ समय पहले आई केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से जुड़ी संसदीय कमेटी की रिपोर्ट में ही सामने आया था कि कैंसर के इलाज हेतु रेडिएशन थेरेपी की सुविधा करीब 20 प्रतिशत मरीजों को ही मिल पाती है। उपकरणों और चिकित्सकों की कमी के चलते कई रोगियों को लंबी प्रतीक्षा करनी पड़ती है, जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर 10 लाख की आबादी पर एक रेडियोथेरेपी मशीन होनी चाहिए। हमारे यहां यह सुविधा सरकारी की बजाय निजी अस्पतालों में ज्यादा उपलब्ध है। समझना कठिन नहीं कि निजी अस्पतालों में कैंसर जैसी बीमारी का लंबा इलाज कितना आर्थिक बोझ डालने वाला होता है। साथ ही इसकी गंभीरता, अंग-विशिष्ट व्याधि और स्टेज के अनुसार इलाज का खर्च और बढ़ जाता है। ऐसे में कैंसर की जरूरी दवाओं के सस्ता होने से इस व्याधि से जूझ रहे लोगों को कुछ राहत तो अवश्य मिलेगी।

(लेखक फ्रीलांसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# रोजगार के मोर्चे पर मददगार होगा बजट



विश्लेषण
डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

बजट घोषणाओं में रोजगार सृजन पर खासा ध्यान देते हुए कई तरह की योजनाओं का प्रस्ताव रखा। उन्होंने युवाओं को रोजगार के लायक बनाने से लेकर उनके सामने रोजगार के अवसर मुहैया कराने तक, हर तरह की योजनाओं का ऐलान किया। इसके तहत कौशल विकास के साथ-साथ इंटर्नशिप और पहली बार नौकरी पाने वालों को एक महीने तक का वेतन सरकार की तरफ से दी जाने की व्यवस्था होगी। इतना ही नहीं, जॉब वाली महिलाओं के आवास का भी ख्याल रखा है। नई नौकरियों की सृजन क्षमता रखने वाले उद्यमों पर विशेष ध्यान दिया गया। यह देखना दिलचस्प होगा कि सरकार स्व-रोजगार के निमित्त क्या कदम उठाती है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट घोषणाओं में रोजगार सृजन पर खासा ध्यान देते हुए कई तरह की योजनाओं का प्रस्ताव रखा। उन्होंने युवाओं को रोजगार के लायक बनाने से लेकर उनके सामने रोजगार के अवसर मुहैया कराने तक, हर तरह की योजनाओं का ऐलान किया। इसके तहत कौशल विकास के साथ-साथ इंटर्नशिप और पहली बार नौकरी पाने वालों को एक महीने तक का वेतन सरकार की तरफ से दी जाने की व्यवस्था होगी। इतना ही नहीं, जॉब में जाने वाली महिलाओं के आवास का भी ख्याल रखा गया है। असल में, मोदी सरकार की तीसरी पारी के पहले आम बजट में रोजगार के लक्ष्यों को प्राथमिकता दी गई है। दरअसल, हाल ही के लोकसभा चुनावों में भाजपा के निराशाजनक प्रदर्शन के मूल में रोजगार संकट बड़ी वजह बताया गया। तभी तीसरी पारी के बजट का मूलमंत्र रोजगार सृजन रहा। कहीं न कहीं युवा मतदाताओं को संतुष्ट करने हेतु बजट में नौकरियों व कौशल विकास को प्राथमिकता दी गई है। इसी क्रम में विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार सृजन हेतु योजना लाई गई। महत्वपूर्ण बात यह कि अगले पांच सालों में करीब एक करोड़ युवाओं के कौशल विकास हेतु शीर्ष पांच सौ कंपनियों में इंटर्नशिप के मौके मुहैया कराने की घोषणा की गई।

वहीं दूसरी ओर औपचारिक क्षेत्र के कार्यबल का हिस्सा बनने पर युवाओं को एकमुश्त राशि का योगदान भविष्य निधि में किया जाएगा। मोदी सरकार की तीसरी पारी में रोजगार को प्राथमिकता का पता इस बात से चलता है कि पांच योजनाओं के जरिये रोजगार व कौशल विकास के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए दो लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। निस्संदेह, कौशल विकास को प्राथमिकता की योजना एक सार्थक कदम है, लेकिन यह सरकार की प्रतिबद्धता व उद्योगों के सहयोग पर निर्भर करेगा। नई नौकरियों की सृजन क्षमता रखने वाले सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यमों पर बजट में विशेष ध्यान दिया गया। यह प्रयास आत्मनिर्भर भारत की सोच के साथ ही वैश्विक प्रतिस्पर्धा बढ़ाने और नई नौकरियां पैदा करने में सक्षम होगा। कहीं न कहीं अपने मूल मध्यमवर्गीय वोट बैंक के दृष्टिगत वेतनभोगी कर्मियों को कर में राहत व सेवानिवृत्त कर्मियों की पेंशन में मानक आयकर कटौती की सीमा घटाकर संबल दिया गया। वहीं गठबंधन धर्म का पालन करते हुए बिहार व आंध्रप्रदेश के सत्तारूढ़ दलों की आकांक्षा के अनुरूप विशेष वित्तीय पैकेजों की घोषणा अपरिहार्य थी। वित्त मंत्री ने बताया है कि बजट में हम विशेष रूप से रोजगार, कौशल विकास, एमएसएमई और मध्यम वर्ग पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि 4.1 करोड़ युवाओं के लिए रोजगार, कौशल विकास और अन्य अवसर उपलब्ध कराने की योजनाओं और उपायों के लिए पांच साल की अवधि में दो लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। बजट में स्टार्टअप में सभी श्रेणी के निवेशकों के लिए 'एंजल कर' समाप्त करने की घोषणा हुई है। वित्त मंत्री ने बिहार के लिए एक्सप्रेसवे, बिजलीघर, हेरिटेज कॉरिडोर और नए हवाई अड्डों जैसी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर 60,000 करोड़ रुपये खर्च करने की



घोषणा की है। आंध्र प्रदेश के लिए बहुपक्षीय एजेंसियों के माध्यम से वित्तीय सहायता में 15,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

बहरहाल, राजग सरकार ने कृषि क्षेत्र के विकास लिए नया रोडमैप इस बजट से देश के सामने रखा है। सरकार की दूसरी पारी में लंबे चले किसान आंदोलन के सबक और नए आंदोलन की सुगबुगाहट के बीच में केंद्र ने किसान व कृषि को अपनी प्राथमिकताओं में रखा है। बजट के जरिये किसानों की आय में स्थिरता, उत्पादकता व आर्थिक विकास के लक्ष्य को हासिल करने पर बल दिया है। खासकर जलवायु परिवर्तन के संकट से जूझती खेती को कवच प्रदान करने की कोशिश है। दो साल के भीतर एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए तैयार करने की योजना है। करीब दस हजार जैव निवेश संसाधन केंद्रों के जरिये प्राकृतिक खेती के लक्ष्यों को पाया जाएगा। हाल के दिनों में प्रतिकूल मौसम व भंडारण केंद्रों के अभाव में उपभोक्ताओं को महंगाई व किसान को नुकसान का सामना करना पड़ा है। इस मकसद से सब्जी उत्पादन बढ़ाने और आपूर्ति श्रृंखला को सुव्यवस्थित करने हेतु बजट में किसान उत्पादक संगठनों, सहकारी समितियों और स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने पर बल दिया गया है। ये संस्थाएं सब्जियों के संग्रहण, भंडारण और विपणन में सार्थक भूमिका निभाते हुए किसानों को बेहतर दाम दिलाने का प्रयास करेंगी। इसके अलावा उन फसलों व बागवानी की किस्मों को बढ़ावा देने का संकल्प है जो जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभाव को निष्प्रभावी बनाकर स्थिर कृषि उत्पादन सुनिश्चित कर सकें। साथ ही तिलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने के मकसद से सरसों, मूंगफली, तिल, सोयाबीन व सूरजमुखी की खेती को बढ़ावा देने के उपाय किए हैं। जिससे तिलहन उत्पादक किसानों की आय बढ़े। मोदी सरकार की तीसरी पारी का पहला बजट रोजगार सृजन की कठिन चुनौती का सामना कर रहा है। बहुत कम जनसंख्या को सरकारी और कॉर्पोरेट क्षेत्र में रोजगार मिल सकता है। अधिकांश लोग स्व-रोजगार के माध्यम से ही सार्थक रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। अनौपचारिक से औपचारिक हर स्तर के एमएसएमई के क्रमिक लेकिन तेजी से विकास के रोडमैप को मजबूत करने की जरूरत है। नीति समर्थन तंत्र का लक्ष्य विनिर्माण इकाइयों को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक लाने का होना चाहिए ताकि वे वैश्विक प्रतिस्पर्धा का सामना कर सकें और टिकाऊ और स्थायी रोजगार सृजित कर सकें। सरकार को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित विशेष उल्लेख खाता (एसएमए) तंत्र को संशोधित करने के लिए कदम उठाने चाहिए और उसकी सीमा को दोगुना करना चाहिए। एक एमएसएमई समर्पित बैंक की जरूरत महसूस की जा रही है जिसकी शाखा हर जिले में हो। यह एमएसएमई ऋण देने में सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं का स्रोत बने। उच्च निवेश सीमा के कारण अधिकांश एमएसएमई पीएलआई योजना से बाहर रहते हैं। भारतीय सूक्ष्म और लघु एवं मध्यम उद्यम महासंघ ने मौजूदा और नई एमएसएमई के लिए रोजगार आधारित योजना का प्रस्ताव रखा है। एक बहु-स्तरीय शिकायत निवारण और प्रतिक्रिया तंत्र की भी सख्त जरूरत है। ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के जरिये किसानों की भूमि, ऋण व वित्तीय सेवाओं को दुरुस्त बनाने का प्रयास होगा। बावजूद सरकार को इन योजनाओं के क्रियान्वयन की बाधाओं को प्राथमिकताओं के आधार पर दूर करना होगा। बहरहाल, बजट से एक बात तय है कि प्रधानमंत्री मोदी की प्राथमिकताओं में बदलाव आया है।

भारत में बजट केवल केंद्र सरकार का लेखा-जोखा नहीं है। यह सरकार के लिए अपनी प्राथमिकताओं की घोषणा करने, अपना रोडमैप, संस्थागत ढांचा और अपने द्वारा नियोजित संसाधनों को स्पष्ट करने का सबसे बड़ा अवसर है। यह देखना दिलचस्प होगा कि सरकार स्व-रोजगार के निमित्त क्या-क्या कदम उठाती है।

(लेखक पेशे से चिकित्सक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## गावत संतत संभु भवानी



संकलित
दर्शन

शिव वो हैं, जो सब कुछ सहजता के साथ लेते हैं। शिव भक्ति का एक अर्थ यह भी है कि सब कुछ सहजता के साथ किया जाए और सब कुछ सहजता के साथ लिया जाए। व्यक्ति मुस्कुराए तो सहजता के साथ और रोये तो भी सहजता के साथ। भगवान शिव इतने सहज हैं कि देवों के देव होने के बावजूद वो नाचते भी हैं, गाते भी हैं, मुस्कुराते भी हैं। जैसे महाभारत में कृष्ण ने गीता गाई, तुलसीदास श्रीरामचरितमानस गाते हैं, वैसे ही भगवान शिव भी गाते हैं। भगवान शिव ने माथे पर वक्रचंद्र को धारण किया है। यह एक संकेत है कि तुम में चाहे कितनी ही वक्रता हो, मैं तुम्हें स्वीकार कर लूंगा। सब कुछ स्वीकार कर लेना बहुत बड़ी बात होती है। कोई कैसा भी हो, उसे स्वीकार कर लिया जाए। हम स्वीकार करने के बजाय दूसरों को सुधारने में लग जाते हैं और यह काम कभी हो नहीं पाता। इससे अकारण ही संघर्ष पैदा होता है। शिव सहज भी हैं और सबको स्वीकार भी करते हैं, साथ ही उनमें संतोष भी है। सावन के इन दिनों में शिव की भक्ति करते हुए हम उनकी तरह संतोषी बनना भी सीखें। मैं हमेशा कहता हूं कि व्यक्ति को कर्मशील होना चाहिए, प्रमादी नहीं। शास्त्रों में प्रमाद को मृत्यु बताया गया है। लेकिन शिवजी की तरह संतुलन रखना भी हमें आना चाहिए। शिव परिवार में वाहन के रूप में मोर भी है, चूहा भी है, बैल भी है और शेर भी है। सांप भी शिव के साथ रहते हैं। ये सब एक-दूसरे के शत्रु हैं, लेकिन परिवार में सब मिल-जुल कर रहते हैं। सबके बीच संतुलन बनाकर भगवान महादेव चलते हैं।

## भरे गिलास से मंदिर की परिक्रमा



संकलित
प्रेरणा

एक महिला रोज मंदिर जाती थी एक दिन उस महिला ने पुजारी से कहा अब मैं मंदिर नही आया करूंगी इस पर पुजारी ने पूछा क्यो? तब महिला बोलीः मैं देखती हूं लोग मंदिर परिसर में अपने फोन से अपने व्यापार की बात करते हैं कुछ ने तो मंदिर को ही गपसप करने का स्थान चुन रखा है, कुछ पूजा कम पाखंड ज्यादा करते हैं। इस पर पुजारी कुछ देर तक चुप रहे फिर कहाः सही है! परंतु अपना अंतिम निर्णय लेने से पहले आप मेरे कहने से कुछ कर सकती है। महिला बोलीः- आप बताइए क्या करना है। पुजारी ने कहाः एक गिलास पानी से भरकर लीजिए और 2 बार मंदिर परिसर के अंदर परिक्रमा लगाइए शर्त ये है कि गिलास का पानी गिरना नही चाहिए। महिला बोलीः में ऐसा कर सकती हूं फिर थोड़ी ही देर में उस महिला ने ऐसा कर दिखाया। उसके बाद मंदिर के पुजारी ने महिला से 3 सवाल पूछेः 1) क्या आपने किसी को फोन पर बात करते देखा? 2) क्या आपने किसी को मंदिर मे गपसप करते देखा? 3) क्या किसी को पाखंड करते देखा? महिला बोलीः नही मैंने कुछ भी नही देखा। फिर पुजारी बोलेः जब आप परिक्रमा लगा रही थी तो आपका पूरा ध्यान गिलास पर था कि इस में से पानी न गिर जाए इसलिए आपको कुछ दिखाई नही दिया। अब जब भी आप मंदिर आए तो सिर्फ अपना ध्यान परम पिता परमात्मा में ही लगाना फिर आपको कुछ दिखाई ही नही देगा। सिर्फ भगवान ही सर्ववृत दिखाई देगा, जब ऐसा होगा तो स्वयं ही कल्पना कर लीजिएगा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सेहत का दुश्मन है आलस्य

हाल ही में लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल ने एक रिपोर्ट प्रकाशित की है। यह रिपोर्ट 197 देशों के लगभग 57 लाख लोगों की है और इसमें यह बताया गया है कि हमारे देश के लगभग 50 प्रतिशत लोग बहुत कम शारीरिक परिश्रम करते हैं। इनमें लगभग 42 प्रतिशत महिलाओं और 57 प्रतिशत पुरुषों को आलसीपन की श्रेणी में रखा गया है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार हर व्यक्ति को लगभग 20 मिनट कसरत करने की जरूरत होती है। आलस्य बहुत सी जानलेवा बीमारियों को भी दावत देता है, जिनमें मुख्यत: मोटापा, डायबिटीज, हार्ट, बीपी आदि बीमारियां हैं। इसमें कोई शक भी नहीं है कि हमारे देश में इन बीमारियों के रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है। अगर बच्चे खेल के मैदान में नहीं खेलते हैं तो इनके तन-मन के लिए जरा भी उचित नहीं है। इसलिए पढ़ाई के साथ खेल भी जरूरी हैं। – *संजय बिसेन, भाटापारा*

## ट्रेंड

### न्यायालय का आभारी हूं



सत्यमेव जयते! नीट-यूजी पर आज का फैसला अटकलों पर विराम लगाएगा और लाखों मेहनती और ईमानदार छात्रों को राहत देगा। छात्रों के हित को बरकरार रखने वाले ऐतिहासिक फैसले के लिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय का आभारी हूं।
**-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री**

### कुछ नहीं मिला



बजट में किसी भी राज्य को कुछ नहीं मिला। जिस-जिस राज्य में लोगों ने भाजपा को नकारा है, उस राज्य को इस बजट से कुछ नहीं मिला। सबकी थाली ख़ाली, और दो राज्यों की थाली में पकोड़ा और जलेबी। इंडिया गठबंधन बजट का विरोध करता है।
**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### लूट कर भगा दिया



मोदी ने वादा किया था कि विदेशी बैंकों में जो काला धन है उसको वापस लाकर ग़रीब और मध्य वर्ग के लोगों में बांट देंगे। वो तो छोड़िए, लेकिन मोदी काल में दुनिया के सबसे बड़े लुटेरे विजय माल्या, नीरव मोदी, मेहुल चौकसी जैसे तमाम लोगों को लाखों करोड़ रुपये लूट कर भगा दिया गया।
**-प्रशांत भूषण, वरिष्ठ अधिवक्ता**

### इस्तीफा देने मजबूर किया



लगभग 3 सप्ताह पहले, मीडिया ने आपको बताया था कि बाइडेन "कील की तरह तेज़" थे। दो दिन पहले, उस आदमी को डेमोक्रेट उम्मीदवार के रूप में इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया था। अब वे कहते हैं कि कमला अब तक की सबसे अच्छी हैं।
**-एलन मस्क, उद्योगपति**

## करंट अफेयर

# इमरान का पोलीग्राफ जांच कराने से इंकार



जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने पिछले साल नौ मई को हुए अप्रत्याशित उपद्रव से जुड़े दर्जनों मामलों की लाहौर पुलिस द्वारा की जा रही जांच के तहत पोलीग्राफ (एक प्रकार की झूठ पकड़ने वाली जांच) और आवाज मिलान परीक्षण कराने से इनकार कर दिया है। बारह सदस्यीय फोरेंसिक टीम क्रिकेटर से नेता बने 71 वर्षीय इमरान खान का पोलीग्राफ परीक्षण करने मंगलवार को अडियाला जेल पहुंची थी। राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने 19 करोड़ पाउंड के भ्रष्टाचार के मामले में पिछले साल जब पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान को गिरफ्तार किया था तब नौ मई को देशभर में उपद्रव हुए थे। इमरान खान 200 से अधिक मामलों का सामना कर रहे हैं और वह पिछले साल अगस्त से जेल में हैं। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' ने खबर दी है कि एक पुलिस उपाधीक्षक की अगुवाई में लाहौर पुलिस का एक दल (पोलीग्राफ और आवाज मिलान) परीक्षण करने आडियाला जेल पहुंचा था। इस अखबार के अनुसार उनके साथ पंजाब अपराध जांच विज्ञान एजेंसी (पीएफएसए) के विशेषज्ञ भी थे। इन पीएफएसए विशेषज्ञों को पूर्व प्रधानमंत्री का पोलीग्राफ, आवाज मिलान परीक्षण और 'फोटोग्रेमेट्री' परीक्षण करने थे।

## ऑफ बीट

# टिकटॉक-इंस्टाग्राम छोड़ने लोग भुगतान करने तैयार




सोशल मीडिया अर्थशास्त्रियों के लिए एक समस्या है। वे नहीं जानते कि इसका मूल्य कैसे तय किया जाए। लंबे समय से यह तर्क दिया जाता रहा है कि इसे सकल घरेलू उत्पाद के हिस्से के रूप में राष्ट्रीय खातों में होना चाहिए। 2019 के एक अध्ययन में अनुमान लगाया गया कि अमेरिका में उपभोक्ताओं के लिए अकेले फेसबुक की कीमत 40 से 50 अमेरिकी डॉलर प्रति माह है। लेकिन यह वह नहीं है जो हम भुगतान करते हैं। सोशल मीडिया के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाता है, और राष्ट्रीय खाते केवल उन चीज़ों को मापते हैं जिनके लिए हम भुगतान करते हैं, चाहे वे हमारे जीवन में कितने भी महत्वपूर्ण हों और हम प्रतिदिन कितने घंटे उनका उपयोग करके बिताते हैं। जैसा कि ऑस्ट्रेलियाई सीनेट सोशल मीडिया के प्रभाव की जांच करने की तैयारी कर रही है, एडिलेड में इकोनॉमिक सोसाइटी ऑफ ऑस्ट्रेलिया के वार्षिक सम्मेलन में अर्थशास्त्रियों की बैठक में सोशल मीडिया के मूल्य के बारे में नए निष्कर्ष प्रस्तुत किए गए हैं जो एक चौंकाने वाली दिशा की ओर इशारा करते हैं। उनका सुझाव है कि यह नकारात्मक है। यह सही है: निष्कर्षों से पता चलता है कि सोशल मीडिया हमारे लिए शून्य से भी कम मूल्य का है जिसके लिए हम भुगतान करते हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# अरनपुर क्षेत्र से 1 लाख का इनामी नक्सली गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले के थाना अरनपुर क्षेत्र से 1 लाख के ईनामी कुख्यात नक्सली को पुलिस की संयुक्त पार्टी ने गिरफ्तार किया है। उक्त नक्सली के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के अंतर्गत 8 अपराध दर्ज हैं। नक्सल उन्मूलन अभियान के अन्तर्गत नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए नक्सल गस्त सर्चिंग में वृद्धि हुई है और लगातार सक्रिय नक्सलियों की धरपकड़ कार्रवाई की जा रही है। 23 जुलाई को थाना अरनपुर के ग्राम बुरगुम नीलावाया क्षेत्र में नक्सल गतिविधि की सूचना मिलने पर डीआरजी बस्तर फाईटर्स की टीम नक्सल गश्त सर्च अभियान और एरिया डोमिनेशन की कार्रवाई के लिए थाना क्षेत्र में रवाना हुए थे, तभी सर्चिंग के दौरान ग्राम बुरगुम के पास एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस बल को देखकर छिपने का प्रयास कर रहा था, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिससे पूछताछ करने पर अपना नाम आयता मरकाम पिता स्वर्गीय जोगा मरकाम उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी बुरगुम नंदापारा थाना अरनपुर होना बताया। नक्सली आयता मरकाम के विरुद्ध थाना अरनपुर में विधि विरूद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम, छत्तीसगढ़ विशेष जनसुरक्षा अधिनियम, आर्म्स एक्ट, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और आईपीसी के तहत विभिन्न धाराओं के अंतर्गत 8 अपराध दर्ज हैं।



### बुरगुम पंचायत का था जनताना सरकार अध्यक्ष

आरोपी आयता मरकाम बुरगुम पंचायत जनताना सरकार अध्यक्ष के पद पर कार्यरत था। जिस पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 1 लाख रुपए का ईनाम घोषित है। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

# तीन सटोरियों पर पुलिस ने की कार्रवाई

**धमतरी।** कोतवाली पुलिस ने तीन अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर तीन सटोरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार रोहित यादव पिता दीपक उम्र 32 वर्ष पोस्ट आफिस वार्ड निवासी को वार्ड में आमजगह पर सट्टा खिलाते पकड़ा है। आरोपी के कब्जे से 26 हजार 200 रुपए व एक नग सट्टा-पट्टी जब्त की है। इसी तरह अलबख्श खान उर्फ पिंटू उम्र 42 वर्ष कोष्टापारा निवासी को मोहल्ले में सट्टा-पट्टी लिखते गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 500 नकदी व एक नग सट्टा-पट्टी जब्त की गई । वहीं मनीलाल सोनी पिता राजाधर उम्र 72 वर्ष ग्राम हरफतराई थाना अर्जुनी निवासी को पुलिस ने इतवारी बाजार के पास सट्टा लिखते गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 1500 नकदी व सट्टा-पट्टी बरामद की गई है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ छग जुआ प्रतिबंध अधिनियम 2023 की धारा 06/जुआ एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

अमलीडीह का मामला

# नहर की जमीन पर कालोनाइजर्स का कब्जा, हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

रायपुर में नहर की जमीन पर कॉलोनाइजर्स के कब्जा करने के मामले में हाईकोर्ट ने शासन और नगर निगम के रुख पर नाराजगी जताई है। डिवीजन बेंच ने निगम के वकील से पूछा है कि कलेक्टर की रिपोर्ट के बाद भी नहर से कब्जा क्यों नहीं हटाया गया। कोर्ट ने मुख्य सचिव और निगम को शपथपत्र के साथ यह बताने कहा है कि ठेकेदार पर क्या कार्रवाई करेंगे और जो नुकसान उसने किया है, उसकी भरपाई कैसे करेंगे। प्रकरण के अनुसार अमलीडीह में नहर की जमीन 2006 में रायपुर नगर निगम को सौंप दी गई थी। तब इस नहर की चौड़ाई 40 फीट थी। नहर के करीब 35 फीट पर कुछ बिल्डरों ने कब्जा कर दीवार बना ली। इससे नहर में पानी निकासी के लिए केवल 5 फीट जगह बच गई। इसके साथ ही अमलीडीह में एक नाले के करीब 17 हजार वर्ग फीट हिस्से को पाटकर बिल्डरों ने निर्माण कर लिया। वहीं, नहर की ही जमीन पर निजी लोगों ने भी मकान बना लिया है।



### सिर्फ नोटिस से क्या होगा कार्रवाई बताइए

सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने के खिलाफ छत्तीसगढ़ अधिकार आंदोलन समिति ने कलेक्टर और नगर निगम से शिकायत की, लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। इस पर समिति ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की। मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने राज्य शासन सहित सभी पक्षकारों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। शासन की ओर से बताया गया कि कलेक्टर ने स्वयं इस बारे में रिपोर्ट दी थी कि अवैधानिक अतिक्रमण हुआ है इसे हटाया जाए। इस पर कोर्ट ने नगर निगम के वकील से पूछा कि कलेक्टर की रिपोर्ट के बाद भी बेजा कब्जा क्यों नहीं हटाया गया।

# पहली बारिश में लाखों का चलनापदर चेकडेम बहा

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के जनपद पंचायत मैनपुर अंतर्गत मनरेगा योजना के तहत गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य के चलते लाखों रुपए की लागत से निर्मित चेकडेम पहली ही बारिश में बह गया। मामले की जानकारी लगते ही जनपद पंचायत, संबंधित विभाग एवं जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों में हड़कम्प मचा हुआ है। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर संबधित अधिकारी- कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत मैनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत चलनापदर में महज दो माह पूर्व डोकरेल नदी में चेकडेम का निर्माण 13 लाख रुपए से अधिक की राशि से किया गया था। चेकडेम निर्माण मनरेगा योजना के तहत किया गया है।









## जैकेट के शेष

### तालाबों को पाटकर ....

गए, शेष तालाब संरक्षण के अभाव में सूख गए, कई तालाबों को पाटकर उनका अस्तित्व ही खत्म कर दिया गया है। इसके अलावा कुछ तालाबों में नालों का गंदा पानी और घरों से निकलने वाले कचरे को फेंका जा रहा है, जिसके चलते अब ये तालाब धीरे-धीरे गायब होते जा रहे हैं। इन गड़बड़ियों के चलते जिले में ग्राउंड वाटर भी अब 50-60 फीट की जगह 150 से 170 फीट नीचे चला गया है।

**तालापारा तालाब पर चारों तरफ से कब्जा :** शहर के बीचों बीच तालापारा में सैकड़ों वर्ष पुराना तालाब है, यह लगभग 8 से 9 एकड़ में फैला हुआ था, यहां बेजाकब्जा कर 500 से अधिक मकान बना लिए गए थे। निगम पिछले 15 साल से इस तालाब से बेजाकब्जा हटाने का प्रयास कर रहा है, लेकिन अभी भी तालाब के पार पर कब्जाधारी जमे हुए हैं। तालाब के आधे हिस्से को निगम ने खुद 1000 कमरों का अटल आवास बनाने पाट दिया है तो कुछ हिस्से पर रसूखदारों ने कब्जा कर लिया है। कॉलोनियों के गंदे पानी के चलते ये तालाब का पानी खराब हो चुका है।

**भांजा तालाब पटा केवल मामा ही बचा :** शहर के बीच दयालबंद शिव टॉकिज के पास मामा और भांजा नाम के दो तालाब हुआ करते थे। ये तालाब शहर के सबसे पुराने तालाबों में से एक थे, लेकिन धीरे-धीरे इन तालाबों पर भी कब्जा होना शुरू हो गया। मामा तालाब के बगल में मौजूद भांजा तालाब को लोगों ने पाटकर अब उसमें अपना पूरा मोहल्ला बसा लिया। अब वहां जो तालाब बचा है वो केवल मामा तालाब है। बेजाकब्जा के कारण इसका आकार छोटा हो गया है। चारों ओर से गंदगी और कचरा डालने के कारण तालाब पूरी तरह से प्रदूषित हो गया है। यदि निगम अफसर इस पर ध्यान नहीं देंगे तो इसका भी अस्तित्व खत्म हो जाएगा।

### अशोक नगर तालाब ....

वर्ष 2021 के बाद से तालाब को धीरे-धीरे पाटना शुरू किया गया। अब तक तालाब का एक हिस्सा पूरी तरह से पट चुका है। अशोक नगर चांटीडीह में खसरा नंबर 5,6 और 7 तालाब और घास मद की जमीन है। भू-माफिया इसे पाटकर इसका मूल स्वरूप ही बदल डाला है। वर्तमान में इसके एक हिस्से में फेंसिंग कर इस पर कब्जा जमा लिया गया है।

### उसलापुर सरकारी तालाब ....

निगम में शामिल होते ही इस तालाब पर भी कब्जा शुरू हो गया है। मुख्य मार्ग की ओर तालाब के पार पर दर्जनभर पक्की दुकानें बन गई हैं। वहीं एक हिस्से को धीरे-धीरे पाटकर अब उसमें रेत गिट्टी डंप की जा रही है। तालाब को चारों तरफ से धीरे-धीरे मलबा डालकर पाटा जा रहा है। इसके चलते इसमें पानी ही नहीं है।

### बांधों की बुझी ....

मौसम बदला और शुरू हुई बारिश से हालात सुधरते गए और रायपुर समेत दस जिले सामान्य वर्षा की श्रेणी में शामिल हो गए। राज्य में अब 465 मिमी. के लगभग वर्षा हो चुकी है, जो सामान्य से महज दो से तीन प्रतिशत ही कम है। इसके साथ ही बांधों में भी पर्याप्त मात्रा में पानी आ चुका है।

**छह दिन पहले और अब**

| जिले | पहले | अब (वर्षा मिमी.) |
|---|---|---|
| बालोद | 279 | 624 |
| रायपुर | 257 | 401 |
| राजनांदगांव | 228 | 498 |
| बिलासपुर | 344 | 403 |
| दंतेवाड़ा | 321 | 584 |

### नक्सल क्षेत्रों के .....

के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। राज्य सरकार कार्ययोजना के तहत ऑनलाइन आवेदन लेगी और पात्र लोगों के आदेश सीधे उनके पास पहुंच जाएंगे।

प्रश्नकाल में कांग्रेस विधायक सावित्री मंडावी ने कहा, नक्सल क्षेत्र में पदस्थ कुछ कर्मचारी 2 या 3 साल में अपना ट्रांसफर करा लेते हैं, लेकिन कुछ 10 सालों से भी ज्यादा समय से वहीं नौकरी कर रहे हैं। उनके लिए भी अन्य जिलों में ट्रांसफर की नीति होनी चाहिए। उन्होंने सवाल किया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस कर्मियों की मैदानी इलाकों में पदस्थापना का क्या प्रावधान है? पदस्थापना के लिए विभाग के क्या दिशा-निर्देश हैं। उनकी आवास की क्या व्यवस्था है? गृह मंत्री विजय शर्मा ने बताया कि ऐसे पद जो उप निरीक्षक से निरीक्षक के पद पर प्रमोट होते है, उनकी कम से कम 3 साल या 54 वर्ष की उम्र में से जो पहले हो तब तक के लिए नक्सल क्षेत्रों में पदस्थापना की जाती है। नक्सल इलाकों में 3 साल की नौकरी के बाद पुलिस कर्मियों की अन्य जिलों में पदस्थापना का प्रावधान है। नक्सल प्रभावित इलाकों में पुलिस कर्मियों की पदस्थापना का विभाग से दिशा-निर्देश जारी है। उन्होंने बताया कि ऐसे लोगों से आवेदन भी लिए जाते हैं। वर्तमान में 694 ऐसे पुलिस कर्मी जो पिछले तीन साल से पदस्थ हैं, उनके आवेदन आए, इनमें से 305 पात्र मिले हैं उनके तबादलें का आदेश दिए जाएंगे।

### कांग्रेस का विस ....

करने के लिये तैयार है। छत्तीसगढ़ में पांच साल कांग्रेस की सरकार रही है और जो पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने कानून और नियम बनाये उनको खत्म करके भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने जनता के साथ अन्याय करने का काम किया। उन्होंने कहा, पिछले 7 महीने में जो हत्या, बलात्कार, लूटपाट, चोरी, डकैती हुई है। उसकी जवाबदेही तय करने को सरकार को मजबूर करने का समय आ चुका है। एक राजनैतिक कार्यकर्ता होने के नाते हमें याद रखना होगा हम कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता है। ये 139 साल पुरानी कांग्रेस पार्टी महात्मा गांधी की पार्टी है, अहिंसा और विनम्रता और मजबूती से अपनी बात रखनी होगी। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। बस्तर, सरगुजा, दुर्ग और अन्य जिलों से आने वाले कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया है, लेकिन कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को रोक नहीं पायेंगे। हजारों की संख्या में हमारे साथी आये है। साय सरकार के पिछले 6 महीने में कानून व्यवस्था लचर हो गई है। महिला, युवा, आदिवासी, आम आदमी सुरक्षित नहीं है। बस्तर के लोगों को नक्सली बोलकर मारा जा रहा है। साय सरकार को 6 महीने हुये है और अपराध बहुत बढ़ गये जिस कारण 6 महीनें में ही कांग्रेस को आंदोलन करना पड़ा।

**ये तो झांकी है, लड़ाई पूरी तरह बाकी-बैज :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, कांग्रेस की लड़ाई भाजपा सरकार के लापरवाही के खिलाफ है। कानून व्यवस्था पूरी तरीके से बदहाल है। हमारी लड़ाई जनता के हित और सुरक्षा के लिये है। हम विधानसभा के बाहर सड़कों पर लड़ने के लिये तैयार है। बरसते पानी में इतनी बड़ी संख्या में कांग्रेसजन आये है, आंधी, तूफान आ जाये कोई ताकत हमें नही रोक सकती। यह विधानसभा घेराव सरकार की नाकामी को लेकर है। ये तो झांकी है लड़ाई पूरी तरह बाकी है। जनता के हितों के लिये हम संघर्ष करते रहेंगे।

**कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह :** भाजपा के नेता एफआईआर नहीं होने देते और पुलिस अधिकारियों को धमकाते है, कानून के तहत कोई कार्यवाही नही होती।

**ये थे मौजूद :** विधानसभा घेराव कार्यक्रम में पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, प्रभारी सचिव चदंन यादव, प्रदेश सहप्रभारी विजय जांगिड़, पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे, धनेन्द्र साहू, सत्यनारायण शर्मा, डॉ. शिवकुमार डहरिया, मोहन मरकाम, अनिला भेड़िया, जयसिंह अग्रवाल, गुरू रूद्र कुमार, कवासी लखमा, उमेश पटेल, अमितेष शुक्ल, एआईसीसी सचिव विकास उपाध्याय, विधायक विद्यावती सिदार, उत्तरी गनपत जांगड़े, लालजीत सिंह राठिया, फूल सिंह राठिया, अटल श्रीवास्तव, दिलीप लहरिया, जिला अध्यक्ष गिरीश दुबे, उधो वर्मा, विनोद तिवारी, राष्ट्रीय महासचिव आईवाईसी पूर्णचंद पाढ़ी, सुबोध हरितवाल, विकास बजाज, महापौर एजाज ढेबर, इदरीश गांधी सहित हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू ने किया।

### पुलिस भाजपा मंत्रियों .....

दिया, विधानसभा घेराव करने के लिये। पुलिस भाजपा के मंत्रियों के स्वागत में खड़ी है। बलौदाबाजार कांड पर कहा, जानकारी मिली है कि ऐसी धाराओं में आरोपी को गिरफ्तार किया है कि उनका बचाव हो जायेगा।

**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821
No. 03-11/SE-III/HR/Veh/2246 Raipur Date: 23-07-2024
**TENDER NOTICE**
CSPGCL invites sealed bids from prospective bidders/contractors for the following works :-

| निविदा क्रमांक एवं दिनांक | कार्य का नाम | निविदा का मूल्य | निविदा क्रय करने की अंतिम तिथि व समय | निविदा जमा करने की तिथि व समय | निविदा खोलने की तिथि व समय | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 03-11/ HR/SE-III/ Veh./ W-T-96 / 2246 Dt 23.07.24 | Hiring of a Pool Vehicle Category -II Car for office of C.E. (HR) CSPGCL, Raipur for a period of 02 years. | रु. 590/– जीएसटी सहित (वापसी योग्य नही) | 13.08.2024 17:00 बजे तक | 14.08.2024 15:00 बजे तक | 14.08.2024 16:00 बजे | रु. 10400/– (वापसी योग्य) |

उक्त निविदा की संपूर्ण जानकारी हेतु कंपनी की वेबसाइट **http://www.cspc.co.in/cspgcl/tender/tendernotices /CentralOffices** से प्राप्त की जा सकती है । निविदा संबंधी किसी भी प्रकार के परिवर्तन की जानकारी वेबसाईट पर ही उपलब्ध होगी। निविदा खोला जाना या रद्द करना कंपनी के क्षेत्राधिकार में आता है ।
"SAVE ELECTRICITY"
CHIEF ENGINEER (HR)
CSPGCL::RAIPUR

## पेज एक के शेष

### बिना मांग अरबों की सप्लाई...

गया कि जो सामग्री सप्लाई की गई उसका उपयोग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में किया ही नहीं जा सकता था क्योंकि उसके उपयोग के लिए मशीनें ही वहां नहीं थीं।

### भाजपा ने कहा कि बजट...

हुई? इसमें दो राज्यों के अलावा कुछ नहीं दिखा। उनका कहना था कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे तो सहकारी संघवाद की बात करते थे, लेकिन अब लगता है कि यह शब्द भाजपा और इस सरकार की शब्दावली से निकल चुका है। सैलजा ने आरोप लगाया कि देश में कृषि संकट है, लेकिन बजट में उसकी ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि अगर किसान और मजदूर इस तरह से मजबूर रहेंगे तो देश विकसित नहीं हो सकता। सैलजा के अनुसार, बजट भाषण में मनरेगा का एक भी बार नाम नहीं लिया गया।

### सनकी ने हाथ, प्राइवेट पार्ट...

आरोपी युवक की तलाश कर रही है। बताया जा रहा है कि 22 जुलाई को सामरी थाना अंतर्गत दूरस्थ ग्राम डूमरखोली के ग्रामीणों ने पुलिस को यह सूचना दी थी कि गांव के ही के 35 वर्षीय युवक विनोद बिरजिया की मगधु बिरजिया ने बेरहमी से हाथ व गुप्तांग काटकर हत्या कर दी और पिता व परिजन को डरा धमकाकर शव को जंगल दफन करवा दिया। वहीं युवक खुद मृतक का लिंग और कटा हुआ हाथ झोले में लेकर घूमता रहा। इस घटना के बाद दहश्त में ग्रामीणों ने पहले तो शिकायत करने की हिम्मत नहीं की लेकिन आरोपी के गांव से फरार होने के बाद उन्होंने सामरी थाने को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने के बाद 23 जुलाई को पुलिस टीम मौके पर पहुंची और एसडीएम से अनुमति लेने के बाद तहसीलदार व ग्रामीणों की मौजूदगी में घुरलोटा जंगल टोंगरी में कब्र खोदा गया तो उसके अंदर से शव निकला।

### मिसाइल टेस्टिंग..

से पहले अलग-अलग फेज में तैयारी की जाती है। इसमें तय किया जाता है कि जमीन पर कितनी दूरी तक मिसाइल का प्रभाव पड़ेगा। इसी प्रोसेस के तहत डीआरडीओ ने ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। नाराजगी जताई है।

### पढ़ाई का जज्बा...

बारिश के कारण मैनपुर क्षेत्र के लगभग सभी नदी नाले उफान पर है और कई स्कूलों के दरवाजे दो तीन दिनों तक नहीं खुल पाए हैं, क्योंकि स्कूल तक न तो शिक्षक पहुंच पाए और न ही ज्यादातर विद्यार्थी, और तो और तहसील मुख्यालय से भी लोग कट रहे। मैनपुर ब्लॉक के अमलीपदर सूखा नदी को जान जोखिम में डाल पार कर लगभग 300 छात्र छात्राएं इन दिनों स्कूल पहुंच रहे हैं और कई छात्र छात्राएं प्रतिदिन नदी में फिसलकर गिर रहे हैं।

### करोड़ों रुपए स्वीकृत होने के बाद...

शाखा को मिली थी। निविदा के बाद एनजी एसिसोएट नाम की कंपनी को काम मिला। 5 जून 2022 को कार्य आदेश जारी हुआ, जिसे 2023 में पूरा कर लिया जाना था, लेकिन ठेका कम्पनी ने तय समयावधि के अतिरिक्त और एक साल मिलने के बावजूद केवल 28 प्रतिशत ही काम कर पाया। पिछले 24 माह में ठेकेदार ने बनाए जाने वाले 5 पिलर में एक भी खड़ा नहीं कर पाया। केवल दो एबर्टमेंट ही खड़ा हो सका है। ठेका कंपनी के पास काम करने पर्याप्त संसाधन नहीं थे। लिहाजा पिलर के लिए नींव खोदने में ही एक साल से ज्यादा समय लग गए। विभाग ने अब तक 28 प्रतिशत काम के एवज में लगभग डेढ़ करोड़ का भुगतान कम्पनी को किया है।

### छात्राओं ने कहा, निर्माण कार्य...

मंजुलता, रेशमी, ऐश्वर्या, प्रियंका, पुष्पा ने हरिभूमि को बताया कि वे प्रतिदिन 07 से 08 किलोमीटर सायकल से स्कूल पढाई करने आते हैं। अमलीपदर के सामने इस सूखा नदी में पुल निर्माण कार्य आधा अधूरा छोड़ दिया गया है। साथ ही कहीं कहीं पर बड़े बड़े गड्ढे.और लोहे के सरिया निकला हुआ है। उसके उपर पानी चलने के कारण दिखाई नही दे रहा है।

**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION COMPANY LIMITED**
(A GOVT OF C.G. UNDERTAKING) CIN No. U40108CT2003SGC015820
O/o Executive Director (HR), Chhattisgarh State Power Transmission Company Limited
No. 01-01/T-Veh/2024-25/TS- 188/4241 Raipur, Dated: 22.07.2024
**NOTICE INVITING TENDER**

| Tender Specification No. | Description | Tender Fee | EMD | Last Date & Time of Sale of Tender form from the office | Due Date & Time for submission of Tender |
|---|---|---|---|---|---|
| 01-01/T-Veh / 2024-25/ TS-188 | Deployment of 1 No. Category-II vehicle (Ex-Showroom price upto 8 Lacs) with Driver on monthly hiring basis for a period of Three (3) Years. | Rs. 590/- (Inclusive of GST @18%) | Rs. 15,000/- | 12.08.2024 up to 17.00 hrs | 13.08.2024 up to 15:00 Hrs. |

*please see company website cspc.co.in - CSPTCL - Tender notices for any further details e.g. due date extension etc and the detailed tender document will be available on web portal i.e. https://cspc.co.in/cspc/csptcl
* Tender document can also be downloaded from above official website of the company.**Any amendment/corrigendum, if required, will be displayed on our website only.*** Helpline Details- In case of any problem please contact:- Tel. no.- 0771-2574114 between Bussiness Hours- 10:00 – 17:30 hrs. IST.
SAVE ELECTRICITY
Executive Director (HR)
CSPTCL, RAIPUR

**संचालनालय, उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी छ.ग.**
**ब्लॉक-बी चतुर्थ तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, जिला - रायपुर**
फोन: 0771-243301, फैक्स:- 0771-2433002
वेबसाइट - http://agriportal.cg.nic.in/horticulture / HortiHi, ईमेल - dir.horti cg@nic.in

**-:: निविदा सूचना ::-**

ज्ञापन क्रमांक 2621 नवा रायपुर दिनांक 22/7/24

संचालनालय उद्यानिकी नवा रायपुर के अनुपयोगी वाहनों जहां है जिस स्थिति में है के विक्रय हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है। जिसे मोहर बंद 2 लिफिका पद्धति के तहत निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

**निविदा प्राप्त होने का अंतिम तिथि : 07 अगस्त, 2024 ( सायं 3.00 बजे तक)**
**निविदा खोलने का तिथि : 07 अगस्त, 2024 ( सायं 4.00 बजे )**

वाहनों का अवलोकन कार्यालयीन समय में शासकीय अवकाश को छोड़कर कार्यालय उद्यान अधीक्षक शासकीय पौध शाला छोकरा नाला (लाभाण्डी) रायपुर में किया जा सकता है। निविदा शर्त एवं निविदा प्रपत्र कार्यालयीन समय में संचालनालय उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर प्रभारी भंडार शाखा श्री कमलेश्वर प्रसाद कश्यप, सहायक ग्रेड-1 से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है अथवा निविदा के नियम एवं शर्ते विभाग वेबसाईट नियम एवं शर्ते विभाग वेबसाईट http://agriportal.cg.nic.in/horticulture/HortiHi के नोटिस बोर्ड से डाउनलोड किया जा सकता है। वाहनो का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | विवरण | अमानत राशि | नियत अपसेट दर | मेक / मॉडल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Tata Zest XE CG02-6724 (Petrol) | 3000 | 49000.00 | 2016 |
| 2 | Tata 407 CG02-2050 (Diesel) | 3000 | 43000.00 | 2005 |
| 3 | Marshal CG02-2481 (Diesel) | 3000 | 34500.00 | 2004 |

सही /–
संचालक, उद्यान
G-242501313/2

**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, धमतरी वनमण्डल, धमतरी (छत्तीसगढ़)**
Phone No.:- 07722-238371(O), 236137 (Fax),
E-mail - dfo-dhamtari.cg@gov.in

**निविदा सूचना**

रायपुर वनवृत्त के अधीन वनमंडलों में उपयोग हेतु फार्म पंजी के क्रय हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। जिस हेतु विस्तृत निविदा प्रपत्र एवं आवश्यक शर्तें अधोहस्तारकर्ता के कार्यालय में सूचना प्रकाशन के पश्चात कार्यालयीन दिवस में 1000.00 रू. का डिमांड ड्राप्ट जो वनमंडलाधिकारी धमतरी के नाम से देय हो, जमा कर पूर्ण आवेदन के साथ प्रस्तुत करने पर प्राप्त किया जा सकता है।

प्रथम निविदा दिनांक 30.08.2024 को द्वितीय निविदा दिनांक 24.09.2024 को एवं तृतीय निविदा दिनांक 08.10.2024 को कार्यालयीन समय अपरान्ह 4:00 बजे खोली जावेगी। प्रथम बार में निविदा किसी कारणवश असफल होने पर द्वितीय निविदा की जावेगी। इसी प्रकार द्वितीय निविदा भी किसी कारणवश असफल होने पर तृतीय निविदा निर्धारित की जाती है। विस्तृत नियम व शर्तो का अवलोकन विभागीय वेबसाईड www.cgforest.com में किया जा सकता है।

| क्र. | विवरण | प्रथम निविदा की समय सारिणी | द्वितीय निविदा की समय सारिणी | तृतीय निविदा की समय सारिणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदा फार्म बिक्री प्रारंभ की तिथि | 29.07.2024 पूर्वान्ह 11:00 बजे से | 02.09.2024 पूर्वान्ह 11:00 बजे से | 25.09.2024 पूर्वान्ह 11:00 बजे से |
| 2 | निविदा फार्म बिक्री की अंतिम तिथि | 29.08.2024 अपरान्ह 5 बजे तक | 23.09.2024 अपरान्ह 5 बजे तक | 07.10.2024 अपरान्ह 5 बजे तक |
| 3 | निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि | 30.08.2024 अपरान्ह 3 बजे तक | 24.09.2024 अपरान्ह 3 बजे तक | 08.10.2024 अपरान्ह 3 बजे तक |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि (तकनीकी बीड) | 30.08.2024 अपरान्ह 4 बजे तक | 24.09.2024 अपरान्ह 4 बजे तक | 08.10.2024 अपरान्ह 4 बजे तक |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि (वित्तीय बीड) | 30.08.2024 तकनीकी बीड खोलने के उपरांत | 24.09.2024 तकनीकी बीड खोलने के उपरांत | 08.10.2024 तकनीकी बीड खोलने के उपरांत |
| 6 | निविदा खोलने का स्थान | वनमंडल कार्यालय धमतरी | वनमंडल कार्यालय धमतरी | वनमंडल कार्यालय धमतरी |

वनमण्डलाधिकारी
धमतरी वनमंडल, धमतरी
G – 242501303/1

**Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Limited**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) (ISO 9001:2015 Certified)
1st Floor, Udyog Bhawan, Ring Road No.1, Telibandha, Raipur(C.G.)-492006 CIN U45203CT1981SG001853, PAN AABCM6288N, GST Regn No22AABCM6288N5ZY Phone: 0771-6621000 Fax: 0771-2583794 Website: www.csidc.in, Email address:csidc.cg@nic.in,csidc_raipur@yahoo.com

**NOTICE INVITING TENDER (1st call)**
**(Through e-Procurement Portal Only)**
No.: 04/CSIDC/E.E./Division-IV/2024-25/156545
Raipur, dated 22/07/2024

Online tenders are invited in Form-B Item rate basis, from "A" class electrical license contractor registered in Class-D & Above in New Unified Registration System (E-Registration) website https://eproc.cgstate.gov.in at appropriate class, for the following works:-

| S. No. | Name of Work | Registered Contractor in CGPWD or in appropriate class in other dep't. | Time Allowed including rainy season | Estimated Cost (INR Lacs) | EMD (INR Rs.) | Cost of Tender Doc. (INR) including GST 18% |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Annual Operation & Maintenance of Street light at Industrial Area Urla, Sarora, Bhanpuri Tendua, Rawabhata & Metal park Rawabhata Raipur & Periodical Repairing and Maintenance of Street light at Industrial Area Birkoni,Mahasamund (G.G.) | D & Above | 12 Months | 49.93 Lacs | 37,500/- | 1770/- |

The tender document and other details can be downloaded from the web portal (website) https://eproc.cgstate.gov.in from 23/07/2024 and shall be submitted online only. Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

**NOTE**: 1) The interested tenderers for online submission of tender may contact CG eProc Helpdesk. Operated by Mjunction Services Limited., they may reach Helpdesk using 18002582502 (from 9 AM to 11 PM) (therein press 2 for CG e-Proc) or you can email them at Helpdesk.eproc@cgswan.gov.in. 2)Tenderer may contact to E.E., Div-l, CSIDC, Udyog Bhawan in working hours to clear their doubt if any before online submission of the tender

S -40921/1 **Executive Engineer, Division-IV**

**कार्यालय कलेक्टर (स्थानीय निर्वाचन) रायपुर छ.ग.**

क्रमांक 1144/न.पा. नि. / 2024 रायपुर दिनांक 24/07/2024

**प्रपत्र**
**(नियम 7 देखिए )**
**नगर पालिक निगम क्षेत्र के वार्डो की सीमाओं के अवधारण संबंधी प्रस्तावों के प्रकाशन की सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र को 70 वार्डो में विभाजित करते हुए, प्रत्येक वार्ड की सीमा निर्धारण संबंधी प्रस्ताव तैयार किए गए हैं, जो नगर पालिक निगम, रायपुर, मुख्यालय के चतुर्थ तल के कक्ष क्र. 502 में कार्यालय समय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध है।

उक्त प्रस्तावों के संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव इस सूचना तारीख से सात दिन के भीतर नगर पालिक निगम रायपुर, मुख्यालय के चतुर्थ तल के कक्ष क्र. 502 में लिखित रूप से प्रस्तुत किए जा सकेंगे।

स्थान- (रायपुर छ. ग.) कलेक्टर
दिनांक 24/07/2024 जिला रायपुर (छ.ग.)

**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL), CSPGCL,**
Shed No. 11, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2574562, website www.cspc.co.in E-mail:- civilprojectcmg@gmail.com
No.04-04/W/958 Raipur, date 23.07.2024
**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from contractors registered in appropriate class in CSPGCL. The unregistered contractor having work experience in Govt./Public Sector Undertaking/Local bodies/Power Generating Companies in India only may also be considered on submission of experience certificate for following works as mentioned below:-

| Tender Specification No. | Name of Work | NIT value i/c GST |
|---|---|---|
| CEC/ABVTPS-MRW/W/2024/ 54 | Annual work of providing plumber gang for R&M of internal domestic lines and providing carpentry gang for day to day maintenance of carpentry work of residential and public building of colony premises at 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa | 15.10 Lacs |
| CEC/DSPM-KE/W/ 2024/55 | Replacement of existing damaged & rusted Z-section steel glazed windows with aluminium framed ones to resolve the problem of dust ingress in ESP panel building of unit 02 at DSPM-TPS, CSPGCL, Korba East | 10.98 Lacs |
| CEC/DSPM-KE/W/ 2024/56 | Enhancement of security measures including needful Misc.development works at 2 MLD STP at CDEF type colony, DSPM-TPS, CSPGCL, Korba East | 12.58 Lacs |
| CEC/HTPS-KW/W/ 2024/57 | Providing & fixing vitrified floor tiles in main hall and paver block beside badminton hall at senior club at HTPS, CSPGCL, Korba West | 16.72 Lacs |
| CEC/HTPS-KW/W/ 2024/58 | Providing cement concrete flooring to prevent water logging in area of ID Fan A & B, PA Fan and cement concrete flooring at Hydrogen Plant (Cylinder Room) of 1x500MW Extn, HTPS, CSPGCL, Korba West | 6.65 Lacs |
| CEC/DSPM-KE/W/ 2024/59 | Preventive measure works required to avoid leakage/seepage during heavy rains on various old building (Hold property) left after decommission-ing at KTPS, CSPGCL, Korba East | 9.49 Lacs |
| CEC/DSPM-KE/W/ 2024/60 | APP treatment for prevention of seepage/leakage from the roofs of various auxiliaries building of the DSPM Plant at CSPGCL, Korba East | 24.86 Lacs |
| CEC/DSPM-KE/W/ 2024/61 | Annual cleaning of grass, shrubs, bushes & undesirable plants inside Power House by spraying of herbicides/weedicides at DSPM-TPS, CSPGCL, Korba East | 7.35 Lacs |
| CEC/ABVTPS-MRW/W/2024/ 62 | Development of land scape beside A, B, C type pf main road near stadium & stadium main gate entrance at 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa | 9.17 Lacs |
| CEC/HTPS-KW/W/ 2024/63 | Closure of colony premises with RCC compound wall at AB zone of HTPS, CSPGCL, Korba West | 48.06 Lacs |

Note:- (i) The detailed NIT, Tender document & other details can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal : 50724/ irj /portal. (ii) NIT value is inclusive of GST @ 18%.
SAVE ELECTRICITY
Chief Engineer (Civil),
CSPGCL, Raipur

## राशिफल

**मेष** – मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि हो सकती है।

**वृष** – बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी। किसी मित्र से रोजगार कि अवसर मिल सकते हैं। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाणी में सौम्यता रहेगी।

**मिथुन** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार की स्थिति में सुधार आएगा। शैक्षिक कार्यों के प्रति सचेत रहें। मन प्रसन्न रहेगा।

**कर्क** – कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह** – माता–पिता का साथ मिलेगा। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** – माता–पिता का साथ मिलेगा। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** – बातचीत में सन्तुलित रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। भाई–बहनों का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** – कारोबार से लाभ के अवसर मिलेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**धनु** – वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलन बनाकर रखें।

**मकर** – किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में निवेश कर सकते हैं। अध्ययन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों से सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**कुंभ** – किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**मीन** – कारोबार में परिश्रम अधिक होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पठन–पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5582



**बाएँ से दाएँ**
1.उथल–पुथल, कोलाहल–4
5.अस्पताल–4
8.पक्षाघात–3
9.मिट्टी, धूल–2
11.पुष्प, फूल, सुमन–3
12.बुरे कार्य करनेवाला–4
14.जादू, तंत्र–मंत्र–2
15.सौत, सपत्नी–3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा–2
19.नगर में रहनेवाले–5
22.गणपति, गणेश–5
25.बागवान–2
26.जुदा, पृथक्–3
27.जी, इच्छा–2
28.पहरेदार–4
30.सिसकना–3
31.रहस्य–2
33.सोना,धतूरा–3
35.हृदयगति, स्पंदन–4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री–2,2

**ऊपर से नीचे**
2.उद्देश्य,गंतव्य–2
3.राम–सीता के पुत्र–2,2
4.टालना–2,3
5.स्याही रखने का पात्र–3
6.क्षार–2
7.सुंदरी (उर्दू–4)
10.जबरदस्ती–4
13.होशियार–3
16.पुत्र,बेटा–3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना–2
18.जान,जीवन–2
20.जहर, विष–3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद–2
22.छोटा रास्ता, कूचा–2
23.अपवित्रता (उर्दू–3)
24.पक्षियों का शोर–4
25.मानसिक सोच–5
26.गुनाह,जुर्म–4
28.रखवाली करना–4
29.मुर्गा–3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है–2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म–2

**शब्द पहेली- 5581 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | त | था | क | थि | त | | क | या | म | त |
| ना | प | | ह | | र | का | बी | | त | र |
| मु | | त | वा | य | फ | | ला | वा | | खा |
| ना | पा | क | | | दा | नी | | दा | म | न |
| सि | | दी | | प | र | | सा | | हि | |
| ब | ह | र | हा | ल | | नि | य | ला | प | न |
| | र | | नि | | आ | शा | | ज | | ज |
| अ | म | र | | अ | तं | | | वा | न | र |
| मा | | मा | न | | क | र | त | ब | | बं |
| न | या | | ज | ल | वा | | ना | | क | द |
| त | क | दी | र | | द | शा | व | ता | र | |

## सूडोकु नवताल- 5593

✱✩✩✩✩ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5592 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

**इंडिया ब्लॉक का हिस्सा बनेगी वायएसआरसीपी!**

# जगन मोहन को सपोर्ट करने पहुंचे अखिलेश-राउत समेत कई विपक्षी नेता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम जगन मोहन रेड्डी ने बुधवार को दिल्ली के जंतर मंतर पर राज्य की नवनिर्वाचित सरकार टीडीपी के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान जगन रेड्डी ने चंद्रबाबू नायडू की सरकार के खिलाफ राज्य में हिंसा फैलाने और युवजन श्रमिक रायथु कांग्रेस पार्टी (वायएसआरसीपी) के कार्यकर्ताओं को निशाना बनाए जाने का आरोप लगाया। उनके इस धरना प्रदर्शन को इंडिया गठबंधन का भी सपोर्ट मिलता दिखा। कई विपक्षी पार्टियों के नेता जगन के इस धरना प्रदर्शन में पहुंचे और केंद्र सरकार पर हमला बोला। इस दौरान जगन की पार्टी को इंडिया गठबंधन का हिस्सा बनाने की कवायद भी देखने को मिली।

**इंडिया गठबंधन के ये नेता पहुंचे जंतर मंतर :** जगन मोहन के धरना प्रदर्शन में सपा प्रमुख अखिलेश यादव और रामगोपाल यादव पहुंचे, जबकि शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राउत, प्रियंका चतुर्वेदी और अरविंद सावंत भी पहुंचे। वहीं, टीएमसी के नजीबुल हक और जेएमएम के विजय हांसदा, आम आदमी पार्टी के नेता राजेंद्र पाल गौतम और एआईएडीएमके के नेता थंबी दुराई भी जगन का साथ देने के लिए पहुंचे। इस दौरान तमिलनाडु की वीसीके पार्टी ने जगन मोहन से इंडिया गठबंधन का हिस्सा बनने की अपील की।

**वायएसआरसीपी के पास हैं 15 सांसद :** उधर, जगन मोहन रेड्डी ने एनडीए को याद दिलाया कि उनके पास भी 15 सांसद हैं। बता दें कि राज्य सभा में वायएसआरसीपी के पास 11 सांसद हैं जबकि लोकसभा में 4 सांसद इस पार्टी के हैं। वहीं, लोकसभा में टीडीपी के सांसदों की संख्या 16 है। जगन ने कहा कि ऐसे में याद रखना चाहिए कि हम और टीडीपी बराबर की ताकत रखते हैं।

### जगन मोहन ने टीडीपी पर लगाए ये आरोप

जंतर मंतर पर पत्रकारों से बात करते हुए जगन मोहन रेड्डी ने कहा, 'राज्य में आज वे सत्ता में हैं। कल तक हम सत्ता में थे। कल फिर हम सत्ता में आ सकते हैं। लेकिन हमने कभी इस तरह के व्यवहार का समर्थन नहीं किया। हमने कभी भी हमलों और संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने के काम को प्रोत्साहित नहीं किया। लेकिन टीडीपी की सरकार बनने के बाद आज आंध्र प्रदेश की स्थिति बिलकुल अलग है।'

### 45 दिन में 30 लोगों की हुई हत्या

जगन ने कहा कि मैं पूछना चाहता हूं कि आंध्र प्रदेश में लोकतंत्र कायम है या नहीं. राज्य में नई सरकार के गठन के 45 दिन के अंदर ही 30 से अधिक लोगों की हत्या कर दी गई है। कई संपत्तियों को भी नष्ट कर दिया गया है। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के बेटे नारा लोकेश पूरे राज्य में एक लाल किताब प्रदर्शित कर रहे हैं।

### अखिलेश, राउत ने की आवाज बुलंद

अखिलेश यादव ने कहा कि सत्ता में आने के बाद विरोधियों को इस तरह से निशाना नहीं बनाना चाहिए। विपक्ष की आवाज को भी सुना जाना चाहिए। यही लोकतंत्र है। अखिलेश यादव ने कहा कि बुलडोजर का जो चलन लोकतंत्र में आया है हम इसे स्वीकार नहीं करते। डराने वाले लोग देर तक सत्ता में नहीं रहते। इस दौरान संजय राउत ने भी जगन मोहन के साथ वक्त बिताया और केंद्र की एनडीए सरकार पर सवाल खड़े किए।

# गुजरात में बारिश-बाढ़ का कहर, तीन मंजिला इमारत गिरने से 3 की मौत

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

गुजरात में पिछले दो दिनों से मूसलाधार बारिश का दौर जारी है, जिससे कई हिस्से में बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई है। गुजरात के कच्छ में भी बाढ़ का कहर जारी है। भारी बारिश के कारण अवड़ासा स्थित संघाना नदी में बाढ़ आ गई है। इससे दर्दनाक हादसा हो गया। बाढ़ की चपेट में आने से करीब 15 गायें नदी में बह गईं। गुजरात के कई जिलों में भारी बारिश के कारण हालात बिगड़ गए हैं। सरकार ने बाढ़ की स्थिति को देखते हुए प्रभावितों तक हर संभव मदद पहुंचाने का निर्देश दिया है। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल ने बाढ़ प्रभावित कई जिलों का हवाई निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल ने 'एक्स' पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सौराष्ट्र के तटीय जिलों में भारी बारिश के कारण पैदा हुए हालातों का जायजा लिया।

- सीएम ने किया हवाई निरीक्षण

हाल ही में डब्ल्यूएचओ ने दुनिया के 187 देशों में हुई स्टडी के आधार पर जारी 'ग्लोबल हेपेटाइटिस रिपोर्ट-2024' में दावा किया है कि वायरल हेपेटाइटिस इस सदी की सबसे बड़ी स्वास्थ्य चुनौती है। रिपोर्ट के हिसाब से पिछले कुछ सालों में दुनिया भर में वायरल हेपेटाइटिस के मरीज ही नहीं बढ़े हैं, बल्कि इससे मरने वालों की संख्या में भी लगातार इजाफा हुआ है। वर्तमान में करीब 32 करोड़ लोग हेपेटाइटिस संक्रमण के साथ जी रहे हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो जहां 2019 में वायरल हेपेटाइटिस से 11 लाख लोग मारे गए थे, वहीं साल 2022 में वायरल हेपेटाइटिस के कारण हर दिन करीब 3500 लोगों ने अपनी जान गंवाई यानी, साल में करीब 13 लाख लोगों की मौत वायरल हेपेटाइटिस के कारण हुई थी। भारत के लिए चिंता की बात इसलिए है क्योंकि दुनिया भर में हेपेटाइटिस संक्रमण के सर्वाधिक मामले वाले देशों की सूची में भारत भी शामिल है। भारत में हर साल मानसून के मौसम में संक्रमित पानी पीने से जॉन्डिस या हेपेटाइटिस-ई का खतरा सबसे ज्यादा रहता है। विडंबना है कि हेपेटाइटिस वायरस और उसके संक्रमण के बारे में लोगों को समुचित जानकारी नहीं है।

### हेपेटाइटिस के प्रकार

हेपेटाइटिस के लिए मूलतया 5 प्रकार के वायरस जिम्मेदार होते हैं, जिन्हें लक्षणों के आधार पर दो कैटेगरी में बांटा जा सकता है। हेपेटाइटिस-ए और ई (एक्यूट हेपेटाइटिस), हेपेटाइटिस बी, सी और डी (क्रॉनिक हेपेटाइटिस)

**हेपेटाइटिस बी और सीः** इनके वायरस बॉडी फ्ल्यूड (ब्लड, सीमेन और वेजाइना फ्ल्यूड) के माध्यम से शरीर में प्रवेश कर लिवर में पहुंच जाते हैं। ब्लड ट्रांसफ्यूजन, आईवी ड्रग लेते समय या टैटू बनवाते समय एक ही नीडल का इस्तेमाल करने की वजह से इंफेक्शन किसी को भी हो सकता है। यहां तक कि इंट्रायूटराइन के जरिए संक्रमित गर्भवती मां से नवजात शिशु में आसानी से पहुंच जाते हैं। लेकिन शरीर पर कोई प्रतिकूल प्रभाव ना पड़ने के कारण ये वायरस पकड़ में नहीं आते। धीरे-धीरे पनपते रहते हैं और साइलेंट किलर की तरह लिवर को नुकसान पहुंचाते रहते हैं। लिवर सिरोसिस, लिवर फैल्योर, हेपेटोसेल्युलर कार्सिनोमा कैंसर जैसी गंभीर और जानलेवा रोगों का कारण भी बनते हैं। खास लक्षण ना होने की वजह से व्यक्ति को कई बार तो 6 महीने तक हेपेटाइटिस इंफेक्शन होने का पता नहीं चल पाता।



**टेस्ट-ट्रीटमेंटः** हेपेटाइटिस का अंदेशा होने पर मरीज का एसजीपीटी ब्लड टेस्ट किया जाता है। हेपेटाइटिस बी के उपचार के लिए ओरल टेबलेट भी उपलब्ध हैं, जो मरीज की स्थिति के हिसाब से दी जाती हैं। हेपेटाइटिस सी के लिए तीन महीने का मेडिसिन का कोर्स चलाया जाता है। जिससे तकरीबन 95 प्रतिशत लोग रिकवर हो जाते हैं और लिवर ज्यादा क्षतिग्रस्त नहीं हो पाता। कुछ मरीजों को लिवर सिरोसिस हो जाता है, जिनका इलाज आगे चलता है। हेपेटाइटिस बी से बचाव के लिए वैक्सीन लगवाना कारगर उपाय है। इससे बचाव के लिए नवजात शिशुओं को हेपेटाइटिस बी वैक्सीन लगाई जाती है।

**हेपेटाइटिस ए और ईः** ये दोनों हेपेटाइटिस फीको-ओरल रूट के जरिए फ्लेवी वायरस के संक्रमण से होते हैं। यह वायरस मानव मल में पाया जाता है और हाइजीन का ध्यान ना रखने, टॉयलेट जाने के बाद अच्छी तरह हाथ ना धोने से फैलता है और लीवर को नुकसान पहुंचाता है। ये वायरस, मरीज के शरीर में कुछ घंटे, कुछ दिन, कुछ सप्ताह या 6 महीने तक रहते हैं। इंफेक्शन होने के कुछ ही घंटों में या एक दिन में आंत्रशोथ का पता चल जाता है। मरीज को बुखार, भूख ना लगना, उल्टी, जी मिचलाना या दस्त, डायरिया की शिकायत रहती है। वायरस लिवर में बनने वाले पीले रंग के बाइलरुबिन फ्ल्यूड की मात्रा बढ़ा देता है, जिससे जॉन्डिस हो जाता है। इसमें रोगी को तेज बुखार होता है। आंखें और पूरे शरीर की त्वचा का रंग पीला पड़ जाता है। पेशाब गहरे पीले रंग का हो जाता है। आमतौर पर समुचित उपचार मिलने, हाइजीन और खाने-पीने का ध्यान रखने पर यह ठीक हो जाता है।

**टेस्ट-ट्रीटमेंटः** इस हेपेटाइटिस की जांच के लिए मरीज का लिवर फंक्शन टेस्ट और आईएनआर ब्लड टेस्ट करते हैं। आमतौर पर मरीज 3-4 सप्ताह में ठीक हो जाता है। लेकिन कोई गंभीर समस्या हो तो डॉक्टर आगे इलाज करते हैं। इसके उपचार के लिए अधिक दवाइयों की जरूरत नहीं पड़ती। शुरुआती लक्षण होने पर ही अगर हेपेटाइटिस का वैक्सीन मरीज को लगा दिया जाए, तो आसानी से बचाव हो सकता है।

**हेपेटाइटिस डीः** डेल्टा वायरस से फैलने वाला यह इंफेक्शन किसी संक्रमित व्यक्ति के शारीरिक संपर्क में आने यानी बॉडी फ्ल्यूड के माध्यम से शरीर में फैलता है। इसे 'को-इंफेक्शनर हेपेटाइटिस बी भी कहा जाता है। क्योंकि हेपेटाइटिस डी इंफेक्शन तभी हो सकता है, जब मरीज को पहले से ही हेपेटाइटिस बी की शिकायत हो। इसके लक्षण भी हेपेटाइटिस बी के समान होते हैं, लेकिन हेपेटाइटिस डी लिवर को अपेक्षाकृत अधिक नुकसान पहुंचाता है। हेपेटाइटिस डी के लिए फिलहाल कोई इलाज नहीं है। इसके बचाव के लिए हेपेटाइटिस बी का ट्रीटमेंट किया जाता है। *

**प्रस्तुतिःरजनी अरोड़ा**

### रोकथाम के उपाय



**कुछ एहतियात** बरतकर वायरल हेपेटाइटिस संक्रमण से आसानी से बचाव किया जा सकता है।

- अगर व्यक्ति वायरल हेपेटाइटिस से संक्रमित है, तो परिवार के दूसरे सदस्यों की जांच जरूर करानी चाहिए, ताकि उनके हेपेटाइटिस स्टेटस का पता चल सके और समुचित उपचार कर संक्रमण की गंभीरता से बचा जा सके।
- हेपेटाइटिस की रोकथाम के लिए डॉक्टर से कंसल्ट करके वैक्सीनेशन जरूर कराएं।
- डिस्पोजेबल सिरिंज का ही इस्तेमाल करें।
- पर्सनल हाइजीन की चीजें शेयर करने से बचें।
- हैंड-हाइजीन का ध्यान रखना जरूरी है। खाना खाने से पहले कम से कम 20 सेकेंड तक साबुन से अच्छी तरह हाथ धोएं। अपने हाथों के नाखून समय-समय पर काटते रहें।
- ब्लड की जरूरत पड़ने पर किसी प्रोफेशनल डोनर से ब्लड सीधे ना लें। इसके बजाय रेड क्रॉस सोसाइटी या मान्यता प्राप्त ब्लड बैंक से ही लें क्योंकि वहां ब्लड की हर तरह से जांच की जाती है।
- गैर-जरूरी मेडिसिन खाने से बचें। डॉक्टर से कंसल्ट करके ही मेडिसिन लें।
- यथासंभव इस मौसम में घर में बना और अच्छी तरह पका पौष्टिक भोजन का सेवन करें।
- बरसात के मौसम में बाहर खाना अवॉयड करें। संक्रमण से बचाव के लिए इस मौसम में पानी हमेशा फिल्टर्ड या उबला हुआ ही पिएं।

---

**मौसमी फल**

## आरोग्य का भंडार जामुन



बारिश के मौसम में नमक लगे जामुन खाने का अलग ही मजा है। केवल स्वाद ही नहीं, जामुन का सेवन शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। प्रांतीय भाषाओं में जामुन को कई नामों से जाना जाता है। जैसे- जंबू, महाफला, जाम्बोलन, मालाबार प्लम, शंबु और ब्लैकबेरी आदि। इसमें आयरन, कैल्शियम, फास्फोरस, मैग्नीशियम, सोडियम, विटामिन सी, विटामिन बी, फोलिक एसिड और विटामिन बी 6 आदि प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं।

**कई रोगों में कारगरः** जामुन हीमोग्लोबिन (रक्त की कमी) को पूरा करने में सहायक है। सांस संबंधी परेशानियों से छुटकारा दिलाता है। डायबिटीज के पेशेंट के लिए तो यह बहुत उपयोगी है ही। वजन घटाने में भी जामुन मददगार है। हृदय रोगियों के लिए हितकर और संक्रमण रोकने में भी जामुन सहायक होता है।

इसके अलावा आर्थराइटिस रोगियों के लिए भी लाभदायक है।

**ऐसे करें सेवनः** जामुन का सेवन बहुत लाभकारी होता है। इसके सेवन के कुछ तरीके हम आपको यहां बता रहे हैं। लेकिन किसी का भी सेवन करने से पहले अनुभवी वैद्य या आयुर्वेदिक विशेषज्ञ से सलाह जरूर कर लें।

- जामुन और आम का रस बराबर मात्रा में मिलाकर दिन में दो बार सेवन से मधुमेह (डायबिटीज) में लाभ मिलता है। यह ज्यादा आने वाले मूत्र को नियंत्रित करने में भी सक्षम है। भूख नहीं लगती, पाचन में परेशानी है तो भी इसका सेवन लाभकारी है।
- लिवर संबंधी समस्याओं में जामुन का सेवन गुणकारी है।
- कैंसर से जूझ रहे व्यक्ति की अगर कीमोथेरपी हो रही है तो जामुन उसके लिए बहुत लाभकारी है।
- मुंह में छाले हो रहे हैं, खाना पीना मुश्किल हो रहा है तो जामुन के पत्तों को पानी में उबाल कर या पत्तों को पत्थर पर पीसकर पानी में घोल कर कुल्ला करना हितकर है।
- जामुन के पेड़ की छाल पेट के कीड़े खत्म करती है, पाचन शक्ति को प्रबल बनाती है। इसके अतिरिक्त गले की खराश, दमा, अल्सर, पेचिश और रक्त को शुद्ध करने में भी उपयोगी है।
- इसकी गुठली का चूर्ण ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में सहायक है। इसकी गुठली का चूर्ण शरीर की गंदगी निकालने में लाभकारी है। अपच और एसिडिटी में भी इसके बीजों का चूर्ण उपयोगी है।

**रखें ध्यानः** जामुन का सेवन सभी लोगों के लिए एक जैसा लाभकारी नहीं होता है। इसलिए जो वात रोग से ग्रसित हैं, उनके लिए इसका सेवन वर्जित है। जिन लोगों का खून गाढ़ा हो वे लोग भी इससे दूर रहें। इसके अधिक सेवन से बुखार, गले में दर्द हो सकता है। *

**-वैद्य हरिकृष्ण पांडेय 'हरीश'**

---

**प्रिकॉशन**
**डॉ. यशोदा लोहिया**
कंसल्टेंट ऑप्थैलमोलॉजिस्ट
संत परमानंद हॉस्पिटल, दिल्ली

बारिश के मौसम में वायरल फीवर, खांसी-जुकाम की तरह ही आई फ्लू होने की आशंका भी बढ़ जाती है। आई फ्लू एक संक्रामक रोग है। इससे बचाव के लिए कुछ बातों का ध्यान रखें और यहां बताई जा रही सावधानियां भी बरतें।

## बढ़ रहा है आई फ्लू बरतें पूरी सावधानी





बरसात का मौसम चिलचिलाती धूप, लू और गर्मी से राहत तो दिलाता है, वहीं यह अपने साथ अनेक बीमारियों को भी लेकर आता है। इस मौसम में बारिश अधिक होने के कारण जगह-जगह पानी भर जाता है। इसके कारण चारों तरफ गंदगी भी फैल जाती है। इसमें हार्मफुल बैक्टीरिया और वायरस पनपने लगते हैं। इससे कई तरह के संक्रामक रोग होने की आशंका बढ़ जाती है।

**आई फ्लू का बढ़ता है रिस्कः** बारिश में होने वाले संक्रामक रोगों में आई फ्लू भी प्रमुख है। इस बीमारी को कंजक्टिवाइटिस, पिंक आई या आंख का आना भी कहा जाता है। यह एक संक्रामक बीमारी है। इसके कारण आंखों में जलन, दर्द, चुभन, आंखों का लाल होना, आंखों से पानी आना, कीचड़ निकलना, पलकों को आपस में चिपकना, सूजन आना, खुजली होना जैसी परेशानियां होने लगती हैं। यह बीमारी तीन से सात दिनों तक बनी रहती है।

**संक्रमण के लक्षणः** अगर आपको अपनी आंखों में यहां बताए जा रहे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत सचेत हो जाएं और आई स्पेशलिस्ट डॉक्टर से कंसल्ट करें।

- आंखों का रंग लाल होना।
- आंखों में सूजन होना।
- आंखों से कीचड़ आना।
- सुबह उठने पर आंख की पलकों का आपस में चिपकना।
- आंखों से बार-बार पानी आना।
- आंखों में खुजली और ईचिंग होना।

**संक्रमण होने पर रखें ध्यान :** अगर आपको आई फ्लू हो गया है तो कुछ बातों का ध्यान रखें। इससे संक्रमण फैलेगा नहीं और जल्द ठीक होने में मदद मिलेगी।

- हाथों से अपनी आंखों को बार-बार ना छुएं।
- साफ रुमाल और टिश्यू पेपर से ही आंखों को पोछें या उसे साफ करें।
- दिन में दो-तीन बार गुनगुने पानी से आंखों की सिंकाई जरूर करें।
- दूसरे की दवा अपनी आंखों में ना डालें।
- हमेशा डॉक्टर की सलाह से ही अपनी आंखों में कोई दवा डालें या खाएं।
- भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचें और घर में ही आराम करें।
- अगर रोशनी में आंखें पूरी तरह नहीं खुल पाती हैं तो काले चश्मे का प्रयोग कर सकते हैं।

**संक्रमण से बचने के उपायः** आई फ्लू के संक्रमण से बचाव के लिए आप कुछ बातों का ध्यान रखें।

- कहीं बाहर से घर लौटने पर गुनगुने पानी से आंखों की सिंकाई करें।
- पानी अधिक से अधिक पीएं।
- विटामिन सी युक्त फलों का सेवन करें।
- साबुन से हाथ धोए बिना अपनी आंखों को ना छुएं।
- संक्रमित व्यक्ति से पर्याप्त दूरी बनाकर रखें। उसके द्वारा छुई गई वस्तुओं को आप ना छुएं। *

**प्रस्तुतिः संध्या रानी**

---

**अवेयरनेस**
**डॉ. मोहसिन वली**
सीनियर फिजीशियन
सर गंगाराम अस्पताल, दिल्ली

हालांकि अभी अपने देश में ब्रेन ईटिंग अमीबा संक्रमण के कुछ ही केस सामने आए हैं। लेकिन इसका संक्रमण बहुत घातक है। इसलिए इसके संक्रमण के कारण, इसके लक्षणों और इससे बचाव के उपायों के बारे में जानना बहुत जरूरी है।

## बहुत घातक-संक्रामक है ब्रेन ईटिंग अमीबा



हाल ही में केरल में इंसानी दिमाग खाने वाले अमीबा के बढ़ते मामले काफी चर्चा में रहे। मई से लेकर अब तक अमीबा से होने वाले प्राइमरी अमीबिक मेनिंगोइंसेफ्लाइटिस संक्रमण (पीएएम) के 4 केस मिले हैं। जिसमें तीन बच्चों की मौत भी हो चुकी है। अमेरिका की सीडीसी के मुताबिक पीएएम एक दुर्लभ ब्रेन इंफेक्शन है। हालांकि यह संक्रमण एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलता, लेकिन इससे पीड़ित लोगों में तकरीबन 98 प्रतिशत लोग अपनी जान गंवा देते हैं।

**क्या है पीएएमः** प्राइमरी अमीबिक मेनिंगोइंसेफ्लाइटिस संक्रमण इंसान के सेंट्रल नर्वस सिस्टम में अमीबा संक्रमण से होने वाली गंभीर बीमारी है। इसके लिए एक नॉन-पैरासाइटिक अमीबा नेगेलेरिया फॉउलेरी जिम्मेदार होता है। आम भाषा में इस अमीबा को मस्तिष्क खाने वाला अमीबा या ब्रेन ईटिंग अमीबा भी कहा जाता है। अमीबा प्रोटोजोआ संघ का बहुत छोटा एक-कोशकीय या सिंगल सेल बैक्टीरिया होता है, जिसे केवल माइक्रोस्कोप से ही देखा जा सकता है। इसका आकार और रूप लगातार बदलता रहता है। वैज्ञानिकों द्वारा किए गए शोध के हिसाब से यह अमीबा 45 डिग्री के गर्म वातावरण यानी गर्मी के मौसम में ज्यादा देखने को मिलता है। यह अमीबा मिट्टी, गर्म पानी के स्रोतों जैसे- झीलों, तालाबों और जलाशयों के ठहरे हुए और दूषित पानी में मल्टीप्लाई होकर पनपता है। यहां तक कि स्विमिंग पूल, वॉटर पार्क के पानी में भी मिल सकता है।



**कैसे होता है इंफेक्शनः** नेगेलेरिया फॉउलेरी अमीबा, दूषित पानी से नाक के जरिए इंसान के शरीर में प्रवेश कर जाता है। सुनने की ओल्फेक्ट्री नर्व से होता हुआ ब्रेन की क्रिब्री-फॉर्म प्लेट के माध्यम से ब्रेन में पहुंच जाता है। ब्रेन में पहुंचकर अमीबा ब्रेन टिशूज नष्ट करना शुरू कर देता है। टिशूज नष्ट होने की वजह से ब्रेन में सूजन या इंफ्लेमेशन होने लगती है। चूंकि ब्रेन और गट का संबंध होता है, इसलिए ब्रेन सेल्स नष्ट होने के साथ संक्रमित व्यक्ति को पेट संबंधी समस्याएं होने लगती हैं। ब्रेन धीरे-धीरे डेड होने लगता है, व्यक्ति कोमा में चला जाता है। संक्रमित व्यक्ति की 18 दिन के भीतर मौत हो सकती है।

**संक्रमण के लक्षणः** इस अमीबा से संक्रमित व्यक्ति में सामान्यतया जो लक्षण दिखाई देते हैं, उनमें शामिल हैं- बुखार, असहनीय तेज सिर दर्द, गर्दन में अकड़न महसूस होना, पेट में ऐंठन और दर्द होना, डायरिया होना, उल्टियां आना, कमजोरी होना, बेचैनी महसूस होना, चक्कर आना, दीमागी दौरे पड़ना, सुध-बुध खो देना।

**क्या है इलाजः** दुर्भाग्यवश पीएएम बीमारी का अभी तक कोई सटीक इलाज नहीं खोजा जा सका है। मरीज की स्थिति के आधार पर कांबिनेशन ऑफ ड्रग्स दी जाती हैं, जिन्हें सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल ने एप्रूव किया है।

**कैसे करें बचावः** हालांकि पीएएम जानलेवा संक्रमण का प्रकोप अभी तक केरल में ही मिला है। लेकिन मानसून के मौसम में समुचित एहतियात बरत कर इस तरह के जानलेवा संक्रमणों से बचा जा सकता है क्योंकि जलाशयों का पानी काफी गंदा होता है। वहां नहाना या स्वीमिंग करना खतरे से खाली नहीं है। इसलिए यथासंभव गंदे तालाब या गंदे जलाशयों में ना नहाएं। यहां तक कि स्विमिंग पूल या वॉटर पार्क में तैराकी करने से बचें। जरूरी है कि क्लोरीन से जलाशयों के पानी का समय-समय पर डिसइंफेक्शन ट्रीटमेंट करना चाहिए, ताकि पानी में घातक बैक्टीरिया पनपने की रोकथाम हो सके। स्वीमिंग करते वक्त नेजल क्लिप जरूर लगाएं, जिससे नेजल कैविटी बंद होने पर अमीबा नाक में नहीं जा पाएगा। साफ पानी यानी फिल्टर किया या उबला पानी ही पिएं। अमीबा संक्रमण के किसी भी तरह से लक्षण नजर आने पर डॉक्टर से यथाशीघ्र संपर्क करें। *

**प्रस्तुतिःसृजन अरोड़ा**

## खबर संक्षेप

### कर्नाटक बैंक का जून तिमाही मुनाफा 8 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** कर्नाटक बैंक का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 7.99 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 400.33 करोड़ रुपये रहा है। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 370.70 करोड़ रुपये रहा था। बैंक की आय जून तिमाही में 1,75,619 करोड़ रुपये पर पहुंच गई, जो इसका सर्वकालिक उच्चस्तर है।

### महिंद्रा लाइफस्पेस का शुद्ध लाभ बढ़कर 12.74 करोड़

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी महिंद्रा लाइफस्पेस डेवलपर्स लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में 12.74 करोड़ रुपये रहा। बीते वित्त वर्ष 2023-24 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में कंपनी को 4.27 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। अप्रैल-जून तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 206.7 करोड़ रुपये हो गई।

### फेडरल बैंक का एकीकृत लाभ 17 प्रतिशत बढ़ा




**मुंबई।** दक्षिण भारत स्थित फेडरल बैंक का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली जून में समाप्त तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 16.74 प्रतिशत बढ़कर 1,027.51 करोड़ रुपये हो गया। बैंक को बट्टे खाते में डाले गए खातों से अधिक वसूली से मदद मिली। निजी क्षेत्र के इस ऋणदाता का शुद्ध लाभ एकल आधार पर बढ़कर 1,009.53 करोड़ रुपये हो गया।

### अर्बन कंपनी का घाटा कम होकर 93 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** घर के दरवाज पर विभिन्न प्रकार की सेवाएं मुहैया कराने वाली अर्बन कंपनी को चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 93 करोड़ रुपये का एकीकृत घाटा हुआ है। हालांकि, कंपनी पहली बार अपना परिचालन लाभ दर्ज करने में सफल रही है। एकीकृत घाटा 93 करोड़ रुपये रहा जबकि एक साल पहले की समान तिमाही में उसका परिचालन घाटा 312 करोड़ रुपये रहा था।

# 'इंडेक्सेशन' लाभ हटाने से विक्रेताओं को होगा नुकसान : विशेषज्ञ

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पुरानी संपत्ति की बिक्री करते समय मुद्रास्फीति के समायोजन पर विचार नहीं किए जाने से निवेशकों को नुकसान हो सकता है। विशेषज्ञों ने यह बात कही।

- दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ का 20 से घटाकर 12 .5 फीसदी किया गया

सरकार ने मंगलवार को आम बजट में अचल संपत्तियों पर दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ (एलटीसीजी) कर को 20 प्रतिशत से घटाकर 12.5 प्रतिशत करने और मुद्रास्फीति के समायोजन (इंडेक्सेशन) से जुड़े लाभ हटाने का प्रस्ताव रखा। हालांकि विशेषज्ञों ने इस कदम को विक्रेताओं के लिए 'नकारात्मक' बताया है।

## मुद्रास्फीति के समायोजन पर विचार नहीं किए जाने से होगा नुकसान

### संपत्ति पर औसत रिटर्न 12 फीसदी है

वहीं रियल एस्टेट निकाय क्रेडाई के पूर्व अध्यक्ष जैक्सय शाह ने कहा कि यदि यह मान लिया जाए कि चार वर्ष से अधिक की अवधि के लिए संपत्ति पर औसत 'रिटर्न' 12 प्रतिशत है और मुद्रास्फीति पांच प्रतिशत है, तो प्रस्तावित परिवर्तनों का प्रभाव तटस्थ होगा।उन्होंने कहा कि दूसरी ओर यदि निवेश पर औसत 'रिटर्न' 12 प्रतिशत से अधिक है और मुद्रास्फीति दर पांच प्रतिशत है तो वर्तमान कर दर की तुलना में प्रस्तावित संशोधन के अनुसार कर बचत होगी।



*मध्यम वर्ग को फायदा होगा : इसमें कहा गया, 'इससे करदाता और कर प्रशासन के लिए पूंजीगत लाभ की गणना आसान हो जाएगी।'*

*इंडेक्सेशन को एलटीसीजी की गणना से हटाने का प्रस्ताव : केंद्रीय बजट के ज्ञापन के अनुसार, दर को 12.5 प्रतिशत तक युक्तिसंगत बनाने के साथ, आयकर अधिनियम की धारा-48 के तहत उपलब्ध 'इंडेक्सेशन' को किसी भी एलटीसीजी की गणना के लिए हटाने का प्रस्ताव है, जो वर्तमान में संपत्ति, सोना तथा अन्य गैर-सूचीबद्ध परिसंपत्तियों के लिए उपलब्ध है।*

### पुरानी संपत्ति बेचने वालों के लिए नकारात्मक

क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिटिक्स के निदेशक (शोध) अनिकेत दानी ने कहा कि रियल एस्टेट संपत्ति पर दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर को 20 प्रतिशत से घटाकर 12.5 प्रतिशत करना सकारात्मक है। दानी ने कहा, " हालांकि, 'इंडेक्सेशन' लाभ को हटाना उन लोगों के लिए काफी हद तक नकारात्मक है जो अपनी पुरानी संपत्ति बेचने की योजना बना रहे हैं।"

प्रस्ताव पर डेलॉयट इंडिया की साझेदार आरती रावते ने कहा कि 'इंडेक्सेशन' के बिना एलटीसीजी का करदाताओं पर उल्लेखनीय प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा, ' ...इस बदलाव के साथ अब करदाता वास्तविक लागत और बिक्री मूल्य के बीच के अंतर पर कर का भुगतान करेंगे, जो उल्लेखनीय होगा।'

### मुद्रास्फीति का समायोजन जरूरी

रावते ने कहा कि यदि मुद्रास्फीति के समायोजन पर विचार नहीं किया गया तो निवेशकों को नुकसान होगा। इक्रा की उपाध्यक्ष और सह-समूह प्रमुख (कॉरपोरेट रेटिंग्स) अनुपमा रेड्डी ने भी कहा कि एलटीसीजी कर की दर में कमी के बावजूद आवासीय रियल एस्टेट क्षेत्र पर दीर्घकालिक रिटर्न को देखते हुए, संपत्ति की बिक्री के समय 'इंडेक्सेशन' लाभ को हटाने से कर में वृद्धि होने की संभावना है।

## विशेषज्ञों ने कहा, उद्योग को आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी

# सीमा शुल्क कटौती, एमएसएमई के लिए कर्ज गारंटी योजना से विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

*तमाम वस्तुओं पर सीमा शुल्क में कटौती, एमएसएमई के लिए ऋण गारंटी योजना और ई-कॉमर्स केंद्र की स्थापना जैसी बजट घोषणाओं से घरेलू विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। विशेषज्ञों ने यह बात कही है। उन्होंने कहा कि स्पैन्डेक्स, चमड़ा और समुद्री सामान जैसे सामान पर सीमा शुल्क कम करने से उद्योग को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी।*

परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) के चेयरमैन सुधीर सेखरी ने कहा कि परिधान उद्योग आईजीसीआर (रियायती दरों पर वस्तुओं का आयात) के तहत ट्रिम्स और एम्बेलिशमेंट की सूची का विस्तार करने की सराहना करता है, जिससे तैयार कपड़ों की निर्यात खेप (शिपमेंट) को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

- स्पैन्डेक्स, चमड़ा और समुद्री सामान में आत्मनिर्भर होंगे उद्योग
- तैयार कपड़ों की निर्यात खेप को बढ़ाने में मदद मिलेगी
- प्रसंस्कृत चमड़े की वैश्विक बाजार में काफी मांग

### रोजगार को बढ़ाने में मदद मिलेगी

चमड़ा निर्यात परिषद (सीएलई) के चेयरमैन राजेंद्र कुमार जालान ने कहा कि निर्यात शुल्कों को युक्तिसंगत बनाने और वेट ब्लू क्रोम टैंड लेदर, वेट व्हाइट लेदर, क्रस्ट लेदर और तैयार चमड़े सहित अधिक आदानों को शुल्क मुक्त योजना के तहत शामिल करने से रोजगार बढ़ाने और निर्यात वृद्धि में मदद मिलेगी।

### वेट ब्लू से निर्यात शुल्क घटकर 20 फीसदी

जालान ने कहा, "निर्यात शुल्क के मोर्चे पर, वेट ब्लू और क्रस्ट लेदर पर निर्यात शुल्क 40 प्रतिशत से घटाकर 20 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे देश से मूल्यवर्धित प्रसंस्कृत चमड़े के निर्यात में सुविधा होगी, क्योंकि वैश्विक बाजार में इनकी भारी मांग है।"

### एंजल टैक्स को समाप्त करना स्वागत योग्य

स्टार्टअप कंपनी डब्ल्यूओसीई (वर्ल्ड ऑफ सर्कुलर इकनॉमी) के निदेशक अनूप गर्ग ने कहा कि सभी वर्ग के निवेशकों के लिए एंजल टैक्स को समाप्त करना एक स्वागतयोग्य कदम है, जो निश्चित रूप से स्टार्टअप में निवेश को बढ़ावा देगा।




### विदेशी अधिग्रहण के लिए मिलेगा सहयोग

केमिकल एंड पेट्रोकेमिकल मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल नानावती ने कहा कि महत्वपूर्ण खनिज मिशन घरेलू उत्पादन, महत्वपूर्ण खनिजों के पुनर्चक्रण और महत्वपूर्ण खनिज परिसंपत्तियों के विदेशी अधिग्रहण की सुविधा प्रदान करेगा।

### सरकार क्रस्ट लेदर पर से निर्यात शुल्क हटाएगी

जालान ने उम्मीद जताई कि सरकार क्रस्ट लेदर के लिए इस निर्यात शुल्क को हटा देगी, ताकि अगले 2-3 वर्षों में मूल्यवर्धित चमड़े के निर्यात को एक अरब डॉलर तक बढ़ाने के उद्देश्य को प्राप्त किया जा सके। हाई-टेक गियर्स लिमिटेड के चेयरमैन दीप कपूरिया ने कहा कि बजट में बहुत कम क्षेत्रों को छोड़कर मौजूदा आयात शुल्क दरों में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया गया है।

### 25 खनिजों से आयात शुल्क किया गया खत्म

कपूरिया ने कहा कि सौर सेल और पैनल के निर्माण के लिए पूंजीगत वस्तुओं के साथ-साथ 25 महत्वपूर्ण खनिजों पर आयात शुल्क को समाप्त करने और उसमें कटौती करने से न केवल अक्षय ऊर्जा क्षेत्र को बल्कि रक्षा, इलेक्ट्रॉनिक्स, अंतरिक्ष जैसे कई उच्च प्रौद्योगिकी रणनीतिक क्षेत्रों को भी बढ़ावा मिलेगा।

# इक्विटी नकदी खंड में 71 फीसदी इंट्राडे कारोबारी रहे घाटे में : सेबी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पूंजी बाजार नियामक सेबी के एक अध्ययन से पता चला है कि इक्विटी नकदी खंड में 10 में से सात व्यक्तिगत इंट्राडे कारोबारियों को वित्त वर्ष 2022-23 में घाटा उठाना पड़ा था। इक्विटी बाजार में शेयर की खरीद और बिक्री एक ही कारोबारी सत्र में पूरी करने को 'इंट्राडे' कारोबार कहा जाता है।

- सेबी ने जारी की अध्ययन रिपोर्ट
- 0 10 में 7 कारोबारी को हुआ घाटा

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बुधवार को यह अध्ययन रिपोर्ट जारी की। इसके मुताबिक, वित्त वर्ष 2018-19 की तुलना में 2022-23 के दौरान इक्विटी नकदी खंड में इंट्राडे कारोबार करने वाले लोगों की संख्या 300 प्रतिशत से अधिक बढ़ गई। इस अध्ययन का एक दिलचस्प पहलू यह है कि लाभ में रहने वाले कारोबारियों की तुलना में घाटे में चलने वालों ने औसतन कहीं अधिक संख्या में सौदे किए। इसके अलावा 30 वर्ष से कम आयु के युवा इंट्राडे कारोबारियों की हिस्सेदारी इस अवधि में काफी बढ़ गई।



### युवा इंट्राडे कारोबारियों की हिस्सेदारी बढ़ी

इसके अलावा, 30 वर्ष से कम आयु के युवा इंट्राडे कारोबारियों की हिस्सेदारी 2022-23 में बढ़कर 48 प्रतिशत हो गई जबकि 2018-19 में यह अनुपात 18 प्रतिशत था। अध्ययन के मुताबिक, वित्त वर्ष 2022-23 में इक्विटी नकदी खंड में 10 में से सात व्यक्तिगत इंट्राडे कारोबारियों यानी 71 प्रतिशत को शुद्ध घाटा उठाना पड़ा।

### वर्ष में 500 से अधिक सौदे करने वाले 80 फीसदी रहे घाटे में

इसके अलावा बहुत बार (एक वर्ष में 500 से अधिक सौदे) कारोबार करने वाले कारोबारियों में से 80 प्रतिशत घाटे में रहे। इन कारोबारियों ने अपने कारोबारी घाटे का अतिरिक्त 57 प्रतिशत सौदा लागत के रूप में खर्च किया जबकि लाभ कमाने वालों ने अपने ट्रेडिंग मुनाफे का 19 प्रतिशत ट्रेडिंग लागत के रूप में खर्च किया।

# सोने पर सीमा शुल्क कम करने से तस्करी रुकेगी

- सीबीआईसी प्रमुख ने कहा, निर्यात बढ़ाने में मिलेगी मदद
- बजट में आयात शुल्क 15 फीसदी से घटाकर छह प्रतिशत किया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा-शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन संजय कुमार मल्होत्रा ने बुधवार को कहा कि सोने पर लगे 'अत्यधिक' आयात शुल्क में कटौती की बजट घोषणा से पीली धातु की तस्करी रोकने और रत्नों एवं आभूषणों का निर्यात बढ़ाने में मदद मिलेगी। मंगलवार को संसद में पेश बजट 2024-25 में कीमती धातु पर आयात शुल्क को 15 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत करने की घोषणा की गई।



सीबीआईसी और राजस्व आसूचना निदेशालय ने लगभग 4.8 टन सोना जब्त किया था। इसके पहले वित्त वर्ष 2022-23 में 3.5 टन से अधिक सोने को जब्त किया गया था। जुलाई, 2022 में सोने के आयात पर शुल्क बढ़ाने का फैसला इसलिए किया गया था।

*स्विट्जरलैंड से सबसे अधिक सोने का आयात भारत सोने की अपनी अधिकांश मांग आयात से पूरी करता है लेकिन इसका रुपये और चालू खाता घाटे पर दबाव पड़ता है। स्विट्जरलैंड सोने के आयात का सबसे बड़ा स्रोत है, जिसकी हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत है। उसके बाद संयुक्त अरब अमीरात (16 प्रतिशत से अधिक) और दक्षिण अफ्रीका (लगभग 10 प्रतिशत) का स्थान है।*

# शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन रही गिरावट



एजेंसी ⏭ मुंबई

वित्तीय एवं बैंकिंग शेयरों में बिकवाली और प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) एवं अल्पावधि पूंजीगत लाभ कर में बढ़ोतरी से बुधवार को स्थानीय शेयर बाजार में लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट आई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 280.16 अंक गिरावट के साथ 80,148.88 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 678.53 अंक तक फिसलकर 79,750.51 अंक पर आ गया था। निफ्टी भी 65.55 अंक गिरकर 24,413.50 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "बजट मिले-जुले भाव के साथ गुजर गया है। पूंजीगत लाभ कर में बदलाव अकेले अल्पावधि नकारात्मक आश्चर्य के रूप में सामने आया है। आगे की रफ्तार को दिशा देने वाला कारक नहीं होने से व्यापक बाजार अपनी तेजी गंवाता हुआ नजर आ रहा है।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
घमंडी दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
94060-21769

## बिजनेस साइट

### सहेली ज्वेलर्स के 'स्पेशल गोल्ड रेट' ऑफर का आज आखिरी दिन

**रायपुर।** सोने और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट को देखते हुए सहेली ज्वेलर्स ग्राहकों के लिए 24 एवं 25 जुलाई तक सीधा फायदा लेकर आया है। जहां सोने के स्पेशल दाम के तहत ग्राहकों को सीधा फायदा दिया जाएगा। बीते दिनों सोने-चांदी की कीमतों में लगभग 5 हजार की गिरावट देखने को मिली। जिससे सराफा बाजार में पूरी तरह से हलचल मच गई थी और सहेली ज्वेलर्स ने इस सुनहरे अवसर का ग्राहकों को सीधा फायदा दिया। जिससे सहेली ज्वेलर्स को ग्राहकों से काफी अच्छा रिस्पांस मिला।

ज्ञात हो कि श्री शिवम मॉल दुर्ग और सदरबाजार रायपुर स्थित सहेली ज्वेलर्स में सोने के अलावा पोलकी, कुंदन, चांदी एवं विभिन्न रत्न जड़ित आभूषणों की डिजाइनों का विशेष कलेक्शन है।



- ग्राहकों का मिल रहा काफी अच्छा प्रतिसाद

*सहेली ज्वेलर्स के स्पेशल गोल्ड रेट कुछ इस प्रकार है: 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 73,000 से गिरकर 69,500 रु, 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 66,620 से गिरकर 62,200 रु एवं 18 कैरेट गोल्ड की कीमत 54,570 से गिरकर 52,570 रु पर है। ये स्पेशल गोल्ड रेट 24 एवं 25 जुलाई तक लागू रहेंगे।*

### श्री मेडिशाइन हॉस्पिटल में स्वास्थ्य शिविर 27 को



**रायपुर।** न्यू राजेन्द्र नगर अमलीडीह स्थित श्री मेडिशाइन हॉस्पिटल के द्वारा मरीजो के हितों को ध्यान में रखते हुए डायबिटीज एवं बीपी चेकअप तथा किडनी रोग एवं उपचार शिविर का आयोजन 27 जुलाई शनिवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जा रहा है। शिविर में अनुभवी एवं प्रख्यात चिकित्सक डॉ नेहा पगारे के द्वारा डायबिटीस परामर्श दिया जाएगा। साथ ही बीपी चेकअप, डायटिशियन परामर्श शुगर जांच मात्र 500 रु में किया जाएगा। तथा किडनी रोग परामर्श डॉ. करन सराफ के द्वारा दिया जाएगा। बता दें कि ओपीडी पर 50% की विशेष छूट प्रदान की जा रही है। उपचार में सभी जांचों पर मरीजों को 15%, दवाइयां पर 5% एवं भर्ती होने पर 10% की विशेष छूट प्रदान की जा रही है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

सभी प्रकार के रोगों का निःशुल्क विशाल आयुर्वेद चिकित्सा एवं पंचकर्म परामर्श
दिनांक 21 से 28 जुलाई 2024 | सुबह 9 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक
श्रीधर औषधालय एवं पंचकर्म केन्द्र सम्पूर्ण आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
अग्रिम पंजीयन के लिए संपर्क करें 76470-97309, 98279-66617
मुनआस रियल्टी के बाजू में, रिंग रोड नं.-1, रायपुरा, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

# ऐतिहासिक होगी ओलंपिक की ओपनिंग सेरेमनी

## फ्री में लाइव देख सकेंगे भारत के दर्शक

पीवी सिंधू और शरत कमल होंगे भारतीय ध्वजवाहक

26 जुलाई से होगा आगाज

11 अगस्त को समापन



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पेरिस ओलंपिक 2024 का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। 26 जुलाई से पेरिस ओलंपिक का आगाज होना है, जिसका समापन 11 अगस्त 2024 को होगा। पेरिस ओलंपिक 2024 में ओपनिंग सेरेमनी खेलों के इतिहास का एक अहम पल बनने वाला है। यह समारोह 26 जुलाई को पेरिस, फ्रांस में आयोजित किया जाएगा और 1924 के बाद पहली बार ऐसा हो रहा है जब पेरिस में इसका आयोजन हो रहा है। यानी पेरिस में ओलंपिक खेलों की 100वीं वर्षगांठ होगी। इस समारोह की योजना और तैयारी ने खेल प्रेमियों के बीच एक अलग लेवल का जोश तैयार किया है। ऐसे में इस आर्टिकल के जरिए जानते हैं कब, कहां और कितने बजे से ओपनिंग सेरेमनी शुरू होगी और फैंस भारत में अपने घर पर बैठकर इसका लुत्फ उठा सकते हैं।

### कहां होगी ओपनिंग सेरेमनी?

दरअसल, पेरिस ओलंपिक 2024 की ओपनिंग सेरेमनी ऐतिहासिक होगी, क्योंकि इसका आयोजन स्टेडियम में नहीं, बल्कि उसके बाहर होना है। ऐसा ओलंपिक के इतिहास में पहली बार होगा, जब ओपनिंग सेरेमनी बाहर होगी।

### 6 लाख पहुंचेंगे दर्शक

पेरिस ओलंपिक 2024 की ओपनिंग सेरेमनी देखने के लिए करीब 6 लाख दर्शकों के आने की उम्मीदें हैं। ओपनिंग सेरेमनी के लिए 2,22,000 फ्री टिकट, जबकि 1,04,000 पेड टिकट रखे गए है।

### कितने बजे से शुरू होगी सेरेमनी

पेरिस ओलंपिक 2024 की ओपनिंग सेरेमनी भारत में फैंस लाइव टेलीकास्ट रात के करीब 11 बजे से देख सकते हैं, जबकि ओपनिंग सेरेमनी की शुरुआत लोकल समय के अनुसार 26 जुलाई की शाम साढ़े 7बजे से होगी।

### कहां देखें लाइव स्ट्रीमिंग

पेरिस ओलंपिक 2024 की लाइव स्ट्रीमिंग **JioCinema** ऐप पर होगी। वहीं, इसका लाइव प्रसारण भारत में स्पोर्ट्स 18 नेटवर्क पर **SD** और **HD** दोनों चैनलों पर होगा।

### कैसे ऐतिहासिक बनेगी?

पेरिस ओलंपिक 2024 की ओपनिंग सेरेमनी का मुख्य आकर्षण सीन नदी है, जहां इसका आयोजन किया जाएगा। ये नदी पेरिस शहर के बीचों-बीच बहती है और इसके किनारे पर कई ऐतिहासिक कार्यक्रम हो चुके है। समारोह के दौरान, नदी पर एक भव्य नाव परेड का आयोजन भी होगा, जिसमें सभी देशों के एथलीट अपने राष्ट्रीय पोशाक में नजर आएंगे। यह परेड पेरिस के ऐतिहासिक स्थलों से होकर गुजरेगी, जिसमें एफिल टॉवर, लुव्र संग्रहालय और नोट्रे डेम कैथेड्रल, जैसी जगह फैंस को देखने को मिलेगी।

# भारत के 70 खिलाड़ी पहली बार देंगे चुनौती

## 117 सदस्यीय दल में दिखेगा युवाओं का जोश

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में इस बार युवा भारत का जोश दिखेगा। 117 सदस्यीय भारतीय दल में 70 खिलाड़ी पहली बार ओलंपिक में शिरकत करने जा रहे हैं। इनमें 29 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। मुक्केबाज निकहत जरीन, पहलवान अंतिम पंघाल, रीतिका, एथलीट ज्योति याराजी, शूटर सिफ्त कौर समरा, रमिता, रिद्म सांगवान ऐसी बेटियां हैं जो पहली बार खेलते हुए देश को ओलंपिक पदक दिलाने का दम रखती हैं। पहलवान अमन सहरावत, जेवलिन थ्रोअर किशोर जेना, तीरंदाज बी धीरज, मुक्केबाज निशांत देव, शूटर सरबजोत सिंह, संदीप सिंह, अर्जुन बबूटा, अर्जुन चीमा, अनीश में भी पहली बार ओलंपिक में खेलते कुछ कर गुजरने का दम है।



### 47 को है ओलंपिक खेलने का अनुभव

117 सदस्यीय दल में 47 खिलाड़ी ऐसे हैं, जिन्हें एक या उससे अधिक ओलंपिक खेलने का अनुभव है। इनमें पुरुष हॉकी टीम समेत पांच पदक विजेता भी शामिल हैं। टोक्यो ओलंपिक में भारत ने एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक जीते थे। इनमें स्वर्ण जीतने वाले जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा, रजत जीतने वाली वेटलिफ्टर मीराबाई चानू, कांस्य जीतने वाली मुक्केबाज लवलीना, शटलर पीवी सिंधू के अलावा पुरुष हॉकी टीम पदक के लिए एक बार फिर जोर-आजमाइश करेंगे।

### ध्वजवाहक 42 वर्ष के शरत का 5वां ओलंपिक



भारतीय दल में अनुभव की भी कमी नहीं है। टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल पांचवां ओलंपिक खेलने जा रहे हैं। वह उद्घाटन समारोह में भारतीय दल के ध्वजवाहक भी होंगे। वहीं तीरंदाज तरुणदीप रॉय, दीपिका कुमारी, हॉकी खिलाड़ी पीआर श्रीजेश और मनप्रीत सिंह का यह चौथा ओलंपिक होगा।

### हॉकी टीम में 12 ओलंपियन



पेरिस के लिए हॉकी की मुख्य टीम में 16 और तीन खिलाड़ी रिजर्व के तौर पर चुने गए हैं। इनमें 12 खिलाड़ी ऐसे हैं, जिन्होंने टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। भारत अपने अभियान की शुरुआत 27 जुलाई को न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच से करेगा। इसके बाद टीम 29 जुलाई को अर्जेंटीना से भिड़ेगी। इसके बाद अगले दिन आयरलैंड और एक अगस्त को गत विजेता बेल्जियम से भारत का सामना होगा। टोक्यो ओलंपिक की गोल्ड मेडलिस्ट ऑस्ट्रेलिया के साथ दो अगस्त को भारत को खेलना है।



## आज अभियान की शुरुआत करेंगे भारतीय टीम तीरंदाज

*पेरिस ओलंपिक की आधिकारिक तौर पर शुरुआत 26 जुलाई से होगी, लेकिन इससे एक दिन पहले गुरुवार को दोपहर 1 बजे भारतीय तीरंदाज अपने अभियान का आरंभ करेंगे। तीरंदाजी वो स्पर्धा है जिसमें भारत अब तक कोई ओलंपिक पदक हासिल नहीं कर सका है और अब भारतीय तीरंदाज लेस इनवैलिड्स गार्डन में क्वालीफिकेशन राउंड के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। अनुभवी तरुणदीप राय और दीपिका कुमारी अपने चौथे ओलंपिक में भाग ले रहे हैं। उनकी अगुआई में टीम को पसंदीदा ड्रॉ हासिल करने के लिए क्वालीफिकेशन में कम से कम शीर्ष 10 में जगह बनानी होगी।*

## आस्ट्रेलिया : 5 खिलाड़ी कोविड-19 पॉजिटिव

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक के लिए आस्ट्रेलिया की महिला वाटर पोलो टीम की पांच खिलाड़ियों को कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया है। पेरिस में आस्ट्रेलिया की दल प्रमुख अन्ना मीयर्स ने कहा कि कोविड मामले सिर्फ वाटर पोलो टीम तक ही सीमित हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि पॉजिटिव खिलाड़ियों को अभ्यास करने की अनुमति है। उन्होंने कहा, 'हम कोविड को किसी अन्य श्वसन संबंधी बीमारी से अलग नहीं मानते हैं। लेकिन हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमारे 'प्रोटोकॉल' का भी पालन हो। इस तरह की बीमारियों से निपटना और इन्हें कम से कम फैलने देना हर ओलंपिक खेलों का एक अभिन्न अंग है।'



## मेरे लिए 'अभी नहीं तो कभी नहीं' वाली स्थिति

**पेरिस।** अनुभवी भारतीय तीरंदाज तरुणदीप राय पेरिस में टीम के अनौपचारिक 'मेंटोर' के तौर पर काम कर रहे हैं और उनका कहना है कि अपने चौथे ओलंपिक में हिस्सा



लेते हुए उनके लिए यह 'अभी नहीं तो कभी नहीं' वाली स्थिति है। चालीस साल के राय अपने चौथे ओलंपिक में पहला पदक जीतने की कोशिश में जुटे हैं। उन्होंने वैश्विक से महाद्वीपीय स्तर तक हर चैम्पियनशिप में पदक जीते हैं, बस ओलंपिक में ही कोई पदक हासिल नहीं कर पाए हैं। उन्होंने विश्व चैंपियनशिप (2005, 2019) में दो रजत, तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य सहित नौ विश्व कप पदक, एशियाई चैंपियनशिप में दो रजत और एक कांस्य पदक जीते हैं। सिक्किम के अनुभवी तीरंदाज ने 2004 एथेंस, 2012 लंदन और 2021 टोक्यो ओलंपिक में हिस्सा लिया था।

शीतकालीन ओलंपिक

# फ्रांस को 2030 और अमेरिका को 2034 की मिली मेजबानी




एजेंसी ▶▶ पेरिस

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने बुधवार को 2030 में होने वाले शीतकालीन ओलंपिक खेलों की मेजबानी फ्रांस के फ्रेंच आल्प्स और 2034 की मेजबानी अमेरिका के साल्ट लेक सिटी को सौंपने का फैसला किया। फ्रांस को मेजबानी कुछ शर्तों के आधार पर सौंपी गई है।

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने आईओसी को आश्वासन दिया कि ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल 2024 के संपन्न होने के बाद जो भी सरकार गठित होगी वह आयोजन से संबंधित सभी शर्तों को पूरा करेगी। इन पर अभी तक हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं। फ्रांस की मेजबानी के पक्ष में 84 सदस्यों ने जबकि चार सदस्यों ने विरोध में मतदान किया। सात सदस्यों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। फ्रांस इससे पहले तीन बार 1924, 1968 और 1992 में शीतकालीन ओलंपिक खेलों की मेजबानी कर चुका है। आईओसी सदस्यों ने इसके बाद 2034 में होने वाले शीतकालीन खेलों की मेजबानी के लिए साल्ट लेक सिटी की बोली पर भी मोहर लगाई।




फायनेंस 100%*
प्रोसेसिंग फीस 0*
बिना हाइपोथिकेशन*
7.5% कैशबैक ₹5000* तक

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda2wheelersindia.com

*नियम व शर्तें लागू। तस्वीर में दिखाया गया उत्पाद बाज़ार में उपलब्ध वास्तविक उत्पाद से भिन्न हो सकता है। उत्पाद में दिखाई गई एक्सेसरीज़ सामान्य उपकरण का हिस्सा नहीं हैं।

होंडा अधिकृत विक्रेता : रायपुर : ए सिटी होंडा - 9785823333, ग्रैंड होंडा - 0771-4033794, वरूण होंडा - 0771-4005901, जी.के. होंडा - 8058254444, आरंग: वी श्री होंडा - 9893728947, भिलाई: आन होंडा (पॉवर हाऊस): 0788-4013336, नंदिनी रोड (बैंक ऑफ बडौदा के पास) - 626909005, हाऊसिंग बोर्ड (एकता चौक) 6269090006, जुनवानी रोड (माईलस्टोन स्कूल) - 8305224906, दुर्ग: श्री सांईराम होंडा - 0788-4017246, 8458882333, बोरसी - 8458880444, रिसाली - 9340000620, राजनांदगांव: अंशदीप होंडा - 07744-223100, मनराज होंडा - 07744-223333, महासमुंद: श्री आर्यन होंडा - 9425204997, दल्लीराजहरा: श्री शुभ होंडा - 7587764225, 9406082344, बलौदा बाजार: किरण होंडा - 7049518181, कवर्धा: प्रथा होंडा- 7400550099, बेमेतरा : श्री रामा होंडा - 7824222521, धमतरी: श्री श्याम होंडा- 07722-233255, जगदलपुर: वाहेगुरू होंडा - 8435090001, कोंडागांव: दंतेश्वरी होंडा- 8517909999, कांकेर : शिवनाथ होंडा - 07868 241600

For Bulk / Institutional enquiries, please write us at : institutionalsales@honda2wheelersindia.com
Embassy




**नासा ने दी जानकारी**

# सुनीता विलियम्स की इस महीने के आखिरी में हो सकती है वापसी की उड़ान



एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

नासा की भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बैरी विल्मोर करीब डेढ़ महीने से अतंरिक्ष में फंसे हैं। बोइंग स्टारलाइनर में खराबी आने की वजह से दोनों अंतरिक्ष यात्रियों की अभी तक वापस नहीं हो पाई है। अब इस बीच अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर अच्छी खबर आई है। नासा और बोइंग के इंजीनियर ने स्टारलाइनर स्पेसशिप के थ्रस्टर के परीक्षण का काम पूरा कर चुके हैं। अंतरिक्ष यान की वापसी की योजना तैयार करने के लिए नासा और बोइंग इन परीक्षणों का इंतजार कर रहे थे। नासा और बोइंग ने बताया है कि इस महीने के आखिरी में वापसी की उड़ान हो सकती है।

बीते सप्ताह के आखिरी में जारी एक अपडेट में बताया गया है कि 'न्यू मैक्सिको में व्हाइट सैंड्स टेस्ट फैसिलिटी में स्टारलाइनर रिएक्शन कंट्रोल सिस्टम थ्रस्टर का ग्राउंड परीक्षण पूरा हो चुका है। अब टीमों का ध्यान डेटा समीक्षा पर है।

### पांच जून को गए थे अंतरिक्ष स्टेशन

पांच जून को सुनीता विलियम्स और बैरी विल्मोर स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान में बैठकर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर गए थे। दोनों को एक सप्ताह तक वहां रहकर काम पूरा करने के बाद लौटना था, लेकिन अंतरिक्ष यान में हीलियम लीक और थ्रस्टर में खराबी के कारण उनकी वापसी को टाल दिया गया। दोनों अंतरिक्ष यात्री बीते डेढ़ महीने से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर रुके हैं। इंजीनियर अंतरिक्ष यान में आई खराबी को ठीक करके उसे वापसी के लिए तैयार करने में लगे थे।

# जब सच हो गई खरगोश और कछुए की कहानी!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जब आप छोटे रहे होंगे, तो आपने स्कूल में या फिर घर में अपने माता-पिता से खरगोश और कछुए की कहानी तो जरूर सुनी होगी। इस कहानी में दोनों के बीच रेस होती है। खरगोश ओवर-कॉन्फिडेंट होता है और उसे लगता है कि वो चुटकियों में कछुए को हरा देगा। वहीं, कछुआ अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए फोकस रहता है। रेस के बीच खरगोश ये सोचकर सो जाता है कि कछुआ तो धीरे चलता है, वो नहीं जीत पाएगा, मगर कछुआ निरंतर चलता रहता है और आखिर में जीत उसी की होती है। अब ये कहानी सच साबित हो गई है। दो बच्चों ने कछुए और खरगोश की रेस को हकीकत बना दिया है।

**लड़के ने करवाई दोनों की रेस, फिर जो हुआ वो देखकर नाचने लगी लड़की**

**वीडियो हो रहा है वायरल**

हाल ही में ऐसा ही एक वीडियो शेयर किया गया है जिसमें एक लड़का और एक लड़की कछुए और खरगोश की रेस करवाते नजर आ रहे हैं। उन्होंने इस रेस के लिए ईंटे से रेसिंग ट्रैक बनाया है। बीच में वो कछुए और खरगोश को दौड़ा रही है।



**कछुए-खरगोश की रेस वायरल**

दोनों बच्चे जैसे ही उन जीवों को छोड़ते हैं, वो दोनों सरपट भागने लगते हैं। रेसिंग ट्रैक बहुत लंबा नहीं है, उसके बावजूद दो खरगोश बीच में ही रुक जाते हैं, मगर कछुआ रेस को पूरा करता है और जीत हासिल करता है।




# ब्लॉक कांग्रेस नेता की निर्मम हत्या पुलिस और फारेंसिक टीम जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

सारंगढ़ जिले के बरमकेला ब्लॉक अंतर्गत ग्राम कमरीद के ब्लॉक कांग्रेस नेता हरिराम पटेल की बुधवार को रक्तरंजिश लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। 45 वर्षीय हरिराम का शव सिंगारपुर मोड़ पर एक परसीनुमा हथियार के साथ बरामद किया गया है। शव को देखकर यह जाहिर होता है कि बड़ी ही निर्ममता से कांग्रेस नेता की जान ली गई है। पुलिस ने फ़ोरेंसिक टीम के साथ मामले की जांच शुरू कर दी है और घटना के कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। वहीं इस घटना से स्थानीय लोगों में डर और बेचैनी का माहौल है तथा ग्रामीण घटना की निंदा भी कर रहे हैं। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने और किसी भी अफवाह से बचने की अपील की है। सारंगढ़ जिले में विगत दो तीन माह के भीतर कत्ल की यह तीसरी वारदात है। जिसके बाद कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं।



सारंगढ़ के बरमकेला विकासखंड की घटना

**हो रही जांच**

बरमकेला में मिली लाश के मामले में पुलिस और फारेंसिक टीम संयुक्त रूप से जांच कर रही है। हत्या के कारणों का जल्द पता लगाकर आरोपियों की धरपकड़ के साथ मामले का खुलासा किया जाएगा।

-पुष्कर शर्मा, एसपी, सारंगढ़

जानकारी के मुताबिक बीते 23 जुलाई को शाम को बरमकेला से अपने घर कमरीद जाने के दौरान सिंगारपुर मोड़ पर गांव के पूर्व पड़ने वाले नाले के पास 45 वर्षीय हरिराम पटेल की लाश देखी गई है। प्रथम दृष्ट्या देखने से अत्यंत ही विचलित करने और निर्मम तरीके से हत्या किए जाने की आशंका हो रही है। घर पहुंचने के पूर्व मोबाइल से घरवालों के साथ रास्ते में होने और शीघ्र पहुंचने की सूचना दिए जाने की भी जानकारी मिली है। रात में देर तक घर नही पहुंचने पर किसी अनहोनी की आशंका से भयभीत परिजनों द्वारा खोजबीन की गई तो ग्राम के नाले किनारे वीभत्स रूप में लाश मिली। ग्राम कमरीद एवं आस पास के गांव में घटना की जानकारी आग की तरह फैल गई। बरमकेला पुलिस द्वारा सघन जांच पड़ताल शुरू कर दिया गया है। फिलहाल हत्या के कारणों को लेकर लोगों में तरह-तरह की चर्चा जारी है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com